हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

20 अक्तूबर, 1977

खण्ड 2, अंक 4

अधिकृत विवरण

विशय सूची

वीरवार, 20 अक्तूबर, 1977

पृश्ठ संख्या

तारांकित प्र न एवं उतर	(4)1
नियम 45 के अधीन सदन के पटल पर रखे गए तारांकित प्र नों के लिखित उतर	(4)21
अतारांकित प्र न एवं उतर	(4)28
अध्यक्ष द्वारा घोशणा	(4)51
ध्यानाकर्शण प्रस्ताव	(4)51
बहिर्गमन	(4)53
वि ोशाधिकार प्र नः–	
(1) चौधरी हरद्वारी लाल एम.एल.ए. के विरूद्ध अध्यक्ष महोदय तथा पूर्ण सदन के विरूद्ध अप्रतिश्ठाजनक टिप्पणियों सम्बन्धी	(4)55
(2) चौधरी सुरेन्द्र सिंह एम.एल.ए. को पुलिस द्वारा सदन में आने से कथित रोकने सम्बन्धी	(4)57

लोक लेखा समिति तथा औद्योगिक बोर्ड में चुनाव के लिए उम्मीदवारी की वापिसी	(4)58
बहिर्गमन	(4)58
लोक लेखा समिति तथा औद्योगिक बोर्ड में चुनाव के लिए उम्मीदवारी की वापिसी (पुनरारम्भ)	(4)59
कार्य मन्त्रणा समिति का प्रथम प्रतिवेदन	(4)60
नियम 16 के अधीन प्रस्ताव	(4)61
संकल्प (गैर–सरकारी):–	
बाढ़ पीड़ित लोगों को अधिक वितीय तथा अन्य सभी प्रकार की सहायता देने सम्बन्धी	(4)61

हरियाणा विधान सभा

वीरवार, 20 अक्तूबर, 1977

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन सैक्टर 1, चण्डीगढ़ में 9.30 बजे हुई। अध्यक्ष (ब्रिगेडियर रण सिंह) ने अध्यक्षता की।

तारांकित प्र न एवं उतर

Co-operative Societies Audited

***62. Rao Dalip Singh:** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state:-

(a) the total number of Co-operative Societies audited during the year 1973-74, 1974-75, 1975-76, 1976-77 and 1977-78 to date, separately; and

(b) the number of embezzlement cases in Co-operative Societies detected by the audit referred to in part(a) above and the amount involved therein?

सिंचाई एवं बिजली मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह):

	1973-74	1974-75	1975-76	1976-77	1-1-77 से 31-8-77

(ए)	13342	13886	14099	10339	1600
(बी)	371	379	593	553	79
	37.95 लाख रूपये	52.53 लाख रूपये	67.73 लाख रूपये	63.29 लाख रूपये	8.61 लाख रूपये

राव दलीप सिंहः क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि कोओप्रेटिव सोसायटीज का आडिट साल में एक बार कराया जाता है या दो साल में एक बार कराया जाता है ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः साल में एक बार आडिट कराया जाता है यदि कोई ि ाकायत की जाए तो स्पे ाल आडिट भी कराया जा सकता है।

राव दलीप सिंहः क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि आडिट डिपार्टमैंट रजिस्ट्रार आफ कोआप्रेटिव सोसायटीज के अन्डर आता है या सैपेरट डिपार्टमैंट हैं ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः रजिस्ट्रार कोआप्रेटिव सोसायटीज के अन्डर है।

श्री फतेह चन्द विजः मंत्री महोदय ने बताया है कि किसी साल 13 हजार, किसी साल 14 हजार गबन के केसिज की

ि ाकायत आई और गबने के केसिज पकड़े गए हैं। पिछली सरकार को तो छोडिए। क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि सराकर क्या पग उठा रही है जिससे की भविश्य में ऐसे गबन के केसिज न हों ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः हम आडिट स्टाफ को स्ट्रेग्थंन कर रहे है। और जो बड़े बड़ै इंस्टीच्यू ांज हैं जैसे हैफेड, भाूगर मिल्ज बगैरह वहां पर कंकरेन्ट स्कीम लागू करने की सोच रहे हैं।

चौधरी भोर सिंहः क्या मंत्री महोदय की कृपा करेंगे कि आडिट डिपार्टमैंट को रजिस्ट्रार से अलग करने का कोई विचार हैं ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः नहीं इस समय नही।

श्रीमति भाान्ति देवीः कोआप्रेटिव सोसायटीज में जो सैक्रेटरी नियुक्त हैं वे 400, 450 रूपये वेतन पाते हैं लेकिन अगर उनका काम देखा जाए तो सौ रूपये के काबिल भी नहीं है। सारे ऐबसेन्ट रहते है। क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि इस बारे में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः पिछली सरकार ने कंज्यूमर स्टोर्ज तथा भाूगर मिल्ज और मिनि बैंक्स में कुछ ऐसे व्यक्ति लगाए हैं जिनकी क्वालिफिके ान पूरी नहीं बनती थीं और न वे उतनी पे के अधिकारी थे जो उनको दी जा रही है। इस चीज को दूर करने

के लिए हमने एक सिक्रीनिंग कमेटी बनाई है और वह सिक्रीनिंग करेगी।

श्री दीप चन्द भाटियाः फरीदाबाद के सुपर बाजार में पिछले एम.एल.ए. श्री के.एन. गुलाटी और उनकी ही सारे आदमी उस स्टोर में काम कर रहे हैं और लाखों रूपए का गबन कर रहे हैं। पिछली सरकार के टाईम में भी वे लोग गबन कर रहे थे और अब भी गबन कर रहे हैं। क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि उनके खिलाफ एक ान कब लिया जाएगा।

श्री अध्यक्षः डिसअलाड, यह सवाल सोसायटीज के बारे में है।

श्री दीप चन्द भाटियाः स्पीकर साहब, यह उसी से ताल्लुक रखता है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो ि ाकायत नोटिस में लाई है उस पर फौरी तौर पर एक ान लिया जाएगा।

चौधरी भजन लालः क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि जो आडिट करवाते हैं उसमें कितने ऐसे लोग हैं जिनके खिलाफ एक लाख रूपए से ज्यादा का गबन है ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, यह फिगर इस वक्त मेरे पास नहीं है अगर अलग सेन नोटिस देंगे तो जवाब दे दिया जाएगा।

श्री मूल चन्द जैनः स्पीकर साहब, कोआप्रेटिव डिपार्टमैंट, में इतना लम्बा चौड़ा करप् ान हैं, इतनी बड़ी बीमारी के लिए कोई ड्रास्टिक कदम उठाने की आव यकता है। ड्रास्टिक बीमारी के लिए ड्रास्टिक रैमीडी चाहिए। क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि वे कौन से ड्रास्टिक कदम उठाने की सोच रहे हैं।

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, इस समय सरकार इन्टरनल और कनकरेन्ट आडिट इट्रोड्यूस करने की स्कीम जारी करने की सोच रही है और अगर कोई और अच्छा सुझाव आएगा तो उस पर भी विचार किया जाएगा।

स्वामी आदित्यवे ाः क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि गबन के केसिज में जितने अधिकारी और कार्यकर्ता पकड़ें गए हैं उनके खिलाफ क्या एक ान लिया गया है ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः अगर माननीय सदस्य किसी खास केस का जिक्र करें तो बताया जा सकता है। वैसे जो एक ान लिया जाता है उसका तरीका यह है कि गबन करने वाले के खिलाफ क्रिमिनल केस रजिस्ट्रर किया जाता है और कोर्ट में प्रोसिडिंग्ज चलती है।

चौधरी लाल सिंहः क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि अम्बाला जिले की कोआप्रेटिव सोसयटी के जो लोग पकड़े गए हैं उनसे कब तक पैसा वसूल कियसा जाएगा ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः मैंने परसों भी कहा था कि अम्बाला जिले की एक ि ाकायत चौधरी लाल सिंह ने काफी व्यक्तियों के दस्तखत और अंगूठे लगवाकर भेजी थी और वह कार्यवाही के लिए, विजिलैन्स को इंक्वायरी के लिए भेज दी गई है।

श्री मूल चन्द मंगलाः स्पीकर साहब, कोआप्रेटिव सोसायटीज में चैंकिग आफिसर्ज होने चाहिए। वैसे तो अब भी हैं लेकिन बाकायदा चैंकिग नहीं करते और चैंकिग न होने की वजह से सारी गड़बड़ होती है। क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि बाकायदा चैंकिंग कितने दिनों में होती हैं और अगर नहीं होती तो क्या बाकायदा चैंकिंग करवाने की व्यवस्था करेंगे ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, माननीय सदस्य किस किस्म की चैंकिंग का जिकर कर रहे हैं साफ तौर पर बताएं।

चौधरी पीर चन्दः स्पीकर साहब, गबन किए हुए रूपयों की वसूली नहीं हो रही है तो क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेगें कि किसी स्पे ाल सैल के द्वारा उन व्यक्तियों से रूपया वसूल करने की स्कीम सरकार के विचाराधीन है जिससे कि जल्दी से जल्दी रिकवरी हो सके ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, पन्द्रह हजार से ऊपर की रिकवरी के लिए चाहे वह एक लाख है या दस लाख है सरकार ने पिछले दो महीने से एक जबरदस्त अभियान चलाया हुआ है और दो महीने में कोई बीस लाख रूपए की वसूली की गई है। तीन चार डिस्ट्रिक्ट्स में रिकवरी नहीं की गई है जहां पर फ्लड आया हुआ है ?

चौधरी ई वर सिंहः क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार के विचाराधीन कोई ऐसी स्कीम है जिसमें नान–एग्रीकलचरल कर्जा पंजाब ने ानल बैंक के थ्रू मिलकर कोआप्रेटिव बैंक से मिले ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, इस समय इस तरह की कोई स्कीम जेरे–गौर नहीं है।

श्रीमति भाान्ति देवीः स्पीकर साहब, मैं सरकार के नोटिस में लाना चाहती हूं कि सोसायटीज के जो चेयरमैन लगाए हुए हैं वे अपने कनवेन्स का, टैलिफोन का और मकान का दुरूपयोग करते हैं। क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि अगर उनके नोटिस में इस तरह का कोई स्पैसिफिक केस लाया जाए तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः अव य की जाएगी।

मास्टर ि ाव प्रसादः क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि जिन लोगों ने गबन किया हैं उसमें से कितनों को सजा मिली है ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः यह डेटा इस वक्त अवेलेबल नहीं है। अगर मैम्बर साहब नोटिस दें तो अवेल5बल किया जा सकता है।

श्री भाम ोर सिंहः स्पीकर साहब, कोआप्रेटिव सोसायटीज में पब्लिक के इलैक्टिड मेम्बर्ज होते है चूंकि वे लोग अनपढ़ होते है इस कारण से वहां पर रूपये पैसे के मामलात में गड़बड़ का अन्दे ाा हो सकता है जिसकी वजह से काफी केसिज बनते हैं, क्या सरकार के जेरे–गौर कोई ऐसी तजबीज है कि कै ा की हैंडलिंग उनसे लेकर के किसी सरकारी कर्मचारी को दे दी जाए और सुपरवीजन उन्हीं इलैक्टिड मैम्बर्ज की ही रखी जाए क्या इस किस्म की कोई कमेटी बनाने पर सरकार गौर करेगी ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः पहले ही ऐसी एक कमेटी बनाने की सरकार की योजना है जोकि कोआप्रेटिव मूवमैंट में जितनी भी इम्प्रूवमैंट हो सकती है उसके लिए सुजै ान दे। उस कमेटी में अपोजी ान के वरिश्ठ मैम्बर्ज को भी रख रहे हैं।

श्री भले रामः अध्यक्ष महोदय, कई ऐसे लोग हैं जिन्होंने कोआप्रेटिव सोसायटीज से कोई पैसा नहीं लिया और उन लोगों के गल्त अगूठे लगाकर के दूसरे लोग पैसा निकलवा कर ले गये हैं और पुलिस यूं ही उन लोगों को तंग कर रही है जिन्होंने कोई

पैसा वगरैह नहीं लिया। क्या सरकार कोई ऐसा कदम उठायेगी ताकि किसी भले आदमी को यू ही तंग न किया जाए।

श्री वीरेन्द्र सिंहः इस किस्म की कोई ि ाकायत आयेगी तो सरकार उस पर गौर करेगी।

चौधरी हरस्वरूप बूराः अध्यक्ष महोदय, अभी मंत्री महोदय ने फरमाया कि जिन लोगों के पास 15 हजार से ऊपर सोसायटीज का कर्जा है उनकी इन्कवारी की जायेगी मैं उनसे यह जानना चाहता हूं कि जो 15 हजार से नीचे के लोग हैं क्या उनका कर्जा माफ कर दिया गया है या उनसे भी रिकवरी की जाएगी ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः फिलहाल रिकवरी सस्पैंड की है, क्योंकि बड़ा भारी फ्लड आया था और हरियाणा में हालात बड़े गम्भीर हो गए थे।

चौधरी भजन लालः क्या मंत्री महोदय के नोटिस में यह बता है कि करनाल, हिसार और गुड़गांव जिलों में कुछ आदमियों की तरफ कई सालों से लाखों रूपए की रिकवरी अभी बकाया है क्या सरकार उनके खिलाफ कोई कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः यह बात सरकार के नोटिस में है और उनकी रिकवरी कराई जा रही है।

चौधरी हरि चन्द हूडा: स्पीकर साहब, कोआप्रेटिव और गबन दोनों हरफ साथ साथ चल रहे हैं, कोआप्रेटिव जरूरी है और गबन जो है वह बहुत बुरी बात है जो बुरी बात है उस बात को खत्म करने के लिए क्या मिनिस्टर साहब कोई टाईम दे सकते हैं कि इतने टाईम में स बुरी बात को खत्म कर दिया जाएगा ?

श्री वीरेन्द्र सिंह: टाईम तो देना बड़ा मु कल है पर सरकार अपनी तरफ से पूरी को ा ा करेगी कि इस डिपार्टमैंट को बिल्कुल पाक बना दिया जाए।

चौधरी संत कंवर: स्पीकर साहब, जब हमारी जनता पार्टी की सरकार नहीं बनी थी, तब हम इस बारे में सवाल उठाते थे कि सोसायटीज जो लोन देती हैं, उनका प्रोसीजर बहुत लम्बा है, दो–दो महीने तक किसान बेचारा चक्कर लगाता रहता था और लोन के लिए रि वत भी देनी पड़ती थी। फिर कहीं जाकर लोन मिलता था। तो क्या अब सरकार इस लम्बे प्रोसीजर को ठीक करने की कोई कार्यवाही करेंगी, ताकि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो ?

श्री वीरेन्द्र सिंह: प्रोसीजर ठीक है जैसे चौधरी भाम ेर सिंह जी ने फरवाया कि लोग अनपढ़ है, अज्ञानी हैं पर आप लोगों का भी फर्ज बनता है कि आप जाकर उन लोगों को समझाएं।

चौधरी संत कंवरः अनपढ़ की बात नहीं है चौधरी साहब, इसमें प्रोसीजर बदला जा सकता है, किसान के घर को चैक किया जा सकता है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः आप कोई सुझाव दें, उस पर गौर कर लियसा जाएगा।

श्री भाम ोर सिंहः क्या मंत्री महोदय बताएंगे कि सोसायटीज का जो आडिट होता है उसकी रिपोर्ट पर जवाब देने के लिए कितना टाईम है और अगर कोई कोआप्रेटिव सोसायटी समय पर जवाब न दें, उसके खिलाफ क्या एक ान लिया जाता है और कितनी ऐसी सोसायटीज है, जिन्होंने अभी तक जवाब नहीं दिया ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः कितनी सोसायटीज ने अब तक जवाब नहीं दिया, इस वक्त यह फिग्र्ज हमारे पास नहीं है। ऑनेरबल मैंम्बर इसके लिए अलग से नोटिस दें तो हम बता देंगे। दूसरी बात जो माननीय सदस्य ने कह कि आडिट के बाद जो सोसायटीज जवाब न दें, उन पर क्या ऐक ान लिया जाता है, इस बारे में जो हमारा सिस्टम है, वह बहुत अच्छा नहीं है। उसको हम ठीक कर रहे हैं।

श्री अध्यक्षः इस पर 15 मिनट तक बहुत सप्लीमैंटरी हो चुके हैं। तीन लास्ट सिप्लीमैंटरी होंगे। पहले स्वामी अग्निवे ा जी पूछेंगे।

स्वामी अग्निवे I: अध्यक्ष महोदय,हरियाणा राज्य के अन्दर दूध के चार बड़े–बड़े मिल्क प्लांट लगे हैं, जिनको 1 अप्रैल 1977 से सरकार ने अपने चार्ज में लिया है लेकिन उस पर 10 करोड़ रूपया सरकार का लगा हुआ है, अभी तक वहां पर उनके ऑडिट के लिए कोई ऑडिट पार्टी नहीं भेजी गई है, क्या मंत्री महोदय बताएंगे कि ऐसा क्यों हो रहा है और किन कारणों से ऐसा हो रहा है ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः कोआप्रेटिव डिपार्टमैंट में इनके विलय के लिए अभी तक ही मिल्क प्लांट का प्रोसैस पूरा नहीं है। प्रोसैस जारी है। ज्यों ही प्रोसैस पूरा हो जाएगा फौरी तौर पर आडिट करया जाएगा।

श्री लछमन सिंहः क्या मंत्री महोदय बताएंगे कि हम मौजूदा ढांचे में जो कोआप्रेटिव मूवमैंट में लूट चल रही है, इसको सैट करने में एक साल के अन्दर सरकार कामयाब हो जाएगी ताकि आइन्दा एम्बैजलमैंट न हो सके ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः यह तो सरकार की विल पर हैं। यह काम एक साल की बजाए नौ महीनों में भी हो सकता है।

चौधरी गंगा रामः अध्यक्ष महोदय, हरियाणा के बड़े–बड़े इंडस्ट्रियलिस्ट कैपिटेलिस्ट हैं वह जब बैंको से इंडस्ट्री लगाने के लिए कर्जा लेते हैं, तो उनको 3 या 5 रूपए सैकड़ा है, तो उससे साढ़े 13 परसैन्ट सैंकड़े के हिसाब से ब्याज की दर वसूल की

जाती है। क्या मंत्री महोदय बताएंगे कि जो रेट आफ इंटरैस्ट कैपिटलिस्ट और बड़े–बड़े इंडस्ट्रियलिस्ट देते है, वही किसानों से भी लिए जाने की सरकार की कोई नीति विचाराधीन है ताकि किसानों को भी राहत मिल सके।

Sh. Verender Singh: I don't think this question is relevant to the main question.

राव दलीप सिंहः अध्यक्ष महोदय, इस वक्त कोऑप्रेटिव सोसायटीज के अन्दर भारी तादाद में एम्बैंजलमैंट होती है। जिनका बड़ा कारण मेरे ख्याल में यह है कि कोऑप्रेटिव और आडिट डिपार्टमैंट्स एक ही आदमी के अन्दर हैं जिसके कारण ऑडिट करने वाले एक दूसरे के खिलाफ सही जांच नहीं कर पाते, इसलिए एम्बैजलमैंट के केसिज बढ़ते हैं, तो क्या मंत्री महोदय इस चीज को दूर करने के लिए कोई कदम उठा रहे हैं ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः इसके बारे मैंने पहले अर्ज किया कि सरकार इस सारी गन्दगी को दूर करने के लिए एक कमेटी बना रही है और प्रतिपक्ष की ओर से दो माननीय सदस्य राव दलीप सिंह और चौधरी भाम ेर सिंह उस कमेटी के सदस्य होंगे फिर इनके हाथ देखेंगे कि ये क्या करते हैं।

चौधरी खुर ीद अहमदः क्या मंत्री महोदय बताएंगे कि कोआप्रेटिव सोसायटीज के अन्दर जो गबन के केसिज होते हैं, उनकी पैरवी करने के लिए कोऑप्रेटिव डिपार्टमैंट की ओर से जिस तरह से पुलिस की एक प्रोसीक्यूटिंग एजेंसी होती है, उसी

तरह की कोई कोआप्रेटिव डिपार्टमैंट की स्पै ाल एजेंसी है ? अगर नहीं है तो क्या सरकार इस पर गौर करेगी कि इस प्राकर की स्पै ाल एजेंसी कोआप्रेटिव डिपार्टमैंट में होनी चाहिए ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः सुझाव बहुत अच्छा है, गौर किया जाएगा।

Constitution of Committee

***95. Ch. Birnder Singh:** Will the Chief Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to constitute a Committee consisting of the Member of the House to have effective control over the various public undertakings, semi-Government, autonomous orporations working in the State of Haryana ?

मुख्य मंत्री (चौधरी देवी लाल): नहीं जी।

चौधरी वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, जैसे मुख्यमंत्री महोदय ने अभी अपना जवाब न में दिया है तो मैं उनसे यह पूछना चाहता हूं कि एटप्रैजैन्ट हाउस की कोई ऐसी एक्सक्ल्यूसिव बॉडी जो पब्लिक अन्डर टेकिंग्ज को डील करती हो है ?

चौधरी देवी लालः ऐसा मामला जेरे गौर है, क्योंकि यह मामला काफी कमलीकेटिड है, इसको सम्भालने के लिए जैसे पंजाब में एक कमेटी है अगर रूल इजाजत देंगे तो यहां भी बनाई जाएगी।

श्री भाम ोर सिंहः क्या मुख्य मंत्री महोदय बताऐंगे कि इस वक्त ऐसा कोई अरेन्जमैंट या सिस्टम है जो इन सारी बॉडीज जो हैं, इनका हिसाब किताब देख सकें ? क्या गवर्नमैंट की तरफ सके कोई ऐसी म ाीनरी है ?

चौधरी देवी लालः एट प्रैजैन्ट कोई नहीं है, इसका जवाब मैं पहले ही दे चुका हूं।

श्री मूल चन्द जैनः क्या मुख्य मंत्री जी के नोटिस में कोई ऐसी बात है कि सैन्टर में पब्लिक अन्डर टेकिंग्ज की निगरानी करने के लिए पार्लियामैंट की तरफ से एक पार्लियामैंटरी कमेटी है। अगर वहां सैन्टर में ऐसा हो सकता है तो हमारी स्टेट में ऐसा होने मे क्या दिक्कत है, क्या इस पर विचार करने के लिए हमारी सरकार तैयार है ?

चौधरी देवी लालः श्री मूल चन्द जी ने जो सुझाव दिया है इसके बारे में मैं पहले ही कह चुका हूं कि यह इतना कम्प्लीकेटिड मैटर है इसके लिए कुछ न कुछ जरूर होना चाहिए, इस पर हम विचार कर रहे हैं।

राव वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, जैसे मुख्य मंत्री महोदय ने कहा कि हम विचार कर रहे हैं कितने दिनों तक विचार करने के बाद इसका फैसला कर लेंगे ?

चौधरी देवी लालः जल्द से जल्द।

Excesses Committed during Sterilization

***103. Sathi Ayodhya Parshad:** Will the Minister for Health be pleased to state:-

(a) whether any enquiry is being conducted by teh Government for the excesses committed by the officers during sterilization; and

(b) whether the Government is aware of the excesses committed by the District Education Officer, Narnaul during sterilization, if so, the action taken in this connection so far?

स्वास्थ्य मंत्री (श्रीमति डाक्टर कमला वर्मा):

(क) सरकार ने आयुक्त हिसार तथा अम्बाला मण्डल को अपने अपने अधिकार क्षेत्र में नसबन्दी के सम्बन्ध में की गई ज्यादतियों तथा जोर जबरदस्ती के मामलों में जांच करने के लिए नियुक्त किया है।

(ख) सरकार के ध्यान में है कि जिला ि ाक्षा अधिकारी नारनौल के विरूद्ध नसबन्दी की ज्यादतियों के बारे में कुछ ि ाकायतें आयुक्त हिसार मण्डल के पास जांच के लिए लम्बित पड़ी हैं।

श्रीमति भाान्ति देवी: क्या मंत्री महोदया बातएंगी कि जो औरतों और मरदों की नसबन्दी के दौरान मृत्यु हो गई, उनके बारे में सरकार कुछ सोचेगी ?

श्रीमति डाक्टर कमला वर्मा: अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री महोदय ने एक कमेटी बिठा दी है जिसमें श्री मंगल सैन और श्री बीरेन्द्र सिंह जी हैं। ये उन सारी एप्लीके ान्ज के ऊपर गौर कर रहे हैं। अभी तक हमें 30 केसिज की सूचना आई है जिनकी डैथ हो चुकी है और उनको दो लाख बीस हजार रूपए कम्पनसे ान दिया गया है। हमारे पास टोटल 140 केसिज हैं।

कंवर राम पाल सिंह: क्या मंत्री महोदया बताएंगी कि यह कमेटी कितने दिन से बनी हुई है और कितने दिन तक अपनी रिपोर्ट दे देगी ?

श्रीमति डाक्टर कमला वर्मा: जनता सरकार ने अता ही कमेटी बनाई है और उसकी भीघ्र ही रिपोर्ट तेयार हो जाएगी।

श्री रण सिंह मान: क्या मंत्री महोदया बताएंगी कि जिन सरकारी कर्मचारियों को नसबन्दी के मामले में डील दिखाने के कारण विक्टेमाइज किया गया था उनकी विक्टेमाइजे ान बहाल की जाएगी।

श्रीमति डाक्टर कमला वर्मा: जो जो भी ऐसी बात हमारे नोटिस में आ रही है, उसको पूरी तरह से बैनेफिट देने की कोि ा ा कर रहे हैं।

चौधरी पीर चन्द: जैसे मंत्री महोदया ने अभी बताया कि उन्हें 30 आदमियों के मरने की इतलाह मिली है। अगर उनके

नोटिस में और ऐसे केसिज आएंगे तो क्या उनके परिवारों को भी मदद दी जाएगी ?

श्रीमती डाक्टर कमला वर्माः अध्यक्ष महोदया, जैसे जैसे ये केसिज नोटिस में आएंगे उनको जरूर कम्पनसेट किया जाएगा।

चौधरी ई वर सिंहः क्या मंत्री महोदया बतांएगी कि जितनी मौतें हुई हैं और ि ाकायतें आई हैं उनमें हरिजन कितने हैं ?

श्रीमती डाक्टर कमला वर्माः अभी तक जो हमारे पास कम्लेंट्स आई हैं उनमें से हरिजनों की तरफ से 78 आई है।

चौधरी राम कि ानः क्या मंत्री महोदया उन लोगों के जिला वार नाम बताने की कृपा करेंगी जिनके साथ एमरजेंसी के दौरान पुलिस अफसरों ने ज्यादती की ?

श्रीमती डाक्टर कमला वर्माः अध्यक्ष महोदय, हमारे पास कुल कम्लेंट्स जो आई है वह 1227 आई हैं। जहां तक जिलावार फिग्र्ज का ताल्लुक है, वह लिखित सवाल से सम्बन्धित तो नहीं है लेकिन फिर भी इनको बताती हूं कि अम्बाला से 172, भिवानी से 62, गुड़गांव से 117, हिसार से 137, जींद से 66, करनाल से 92 कुरूक्षेत्र से 92, नारनौल से 58, रोहतक से 94, सिरसा से 52 तथा सोनीपत से 74 तथा चण्डीगढ़ और दूसरी जगहों से 88 ि ाकायतें आई हैं।

चौधरी लाल सिंहः क्या मंत्री महोदया बताएंगी कि जो महिलाएं और पुरूश ओप्रे ान की वजह से बेकार हो गए हैं उनके लिए आप क्या कर रहे हैं ? दूसरे जिन कंवारे लड़कों का ऑप्रे ान कर दिया है, उनका क्या होगा ?

श्रीमती डाक्टर कमला वर्माः अध्यक्ष महोदय, जो भी गलत केसिज हुए हैं उनके इलाज के लिए सी.एम.ओज. को लिख दिया गया है कि उनको फ्री चिकित्सा सुविधा दी जाए और जो कंवारों के आप्रे ान हुए हैं, उनकी संख्या 105 हैं जिनमें दो तीन लड़कियां भी थी। इन सबको हमने रि–कैनालाइज कर दिया है। आगे भी जो ऐसी ि ाकायतें आएंगी उनको भी पूरी सुविधा दी जाएगी।

श्री मूल चन्द जैनः क्या मंत्री महोदय फैमिली प्लानिंग के प्रोग्राम को ठीक समझती हैं और इस मामले में पीछे जो ज्यादती हुई उनकी वहज से इस प्रोग्राम को धक्का तो नहीं पहुंच रहा है ?

श्रीमती डाक्टर कमला वर्माः जब से जनता सरकार आई है इसने इस प्रोग्राम में किसी से भी ज्यादती नहीं की बल्कि हमने कानूनी तौर पर ज्यादती बन्द कर दी है, जो अपनी मर्जी से आप्रे ान करवाना चाहे, उसके लिए हस्पताल खुले हुए हैं।

श्री गुलजार सिंहः मंत्री महोदया ने जो कमेटी के बारे में बताया उसके बारे में लोगों का कुछ ऐसा ख्याल है कि उसका

काम ढीला चल रहा है। क्या कमेटी के पास काम ज्यादा है या कोई और बात है ? मैं जानना चाहता हूं कि इस काम के लिए तेजी लाने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ?

श्रीमती डाक्टर कमला वर्माः हम इस पर पूरी तरह से सोच रहे हैं और इसकी रिपोर्ट जल्दी तैयार हो जाएगी।

श्री दीप चन्द भाटियाः क्या मंत्री महोदया बातएंगी कि जिन कांग्रेसियों ने जबरदस्ती नसबन्दी के जुल्म किए उनके ऊपर सरकार क्या एक ान ले रही है ?

श्रीमती डाक्टर कमला वर्माः अध्यक्ष महोदय, कांग्रेसियों को तो पहले ही काफी सजा मिल चुकी है। उनकी तो गद्दी छिन चुकी है इससे ज्यादा सजा उनको और क्या मिलेगी ? फिर भी इनक्वायरी होने के बाद जो दोशी पाया जाएगा उसको सजा दी जाएगी।

चौधरी भजन लालः जैसे कि अभी मंत्री महोदया ने बताया कि 105 अविवाहित नौजवानों के ऑप्रे ान किए गए हैं तो यह बहुत ही सीरियस मामला है इसलिए जिन अधिकारियों का इसमें हाथ था उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गई है ?

श्रीमती डाक्टर कमला वर्माः कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद दोशी को दण्ड दिया जाएगा।

श्री हीरा नन्द आर्यः क्या मंत्री महोदया बताएंगी कि उस वक्त जो कांग्रेसी एम.एल.एज. और मिनिस्टर्ज थे उनमें से कितनों के आप्रे ान किए गए ?

श्रीमती डाक्टर कमला वर्माः इसके लिए अलग से नोटिस चाहिए।

चौधरी गया लालः क्या मंत्री महोदया बातएंगी कि जिन गरीब लोगों के आप्रे ान खराब हो गए हैं और वे एक–एक साल से इलाज करवा रहे हैं, उनका जो माली नुक्सान हुआ है उसको पूरा किया जाएगा।

श्रीमती डाक्टर कमला वर्माः हम चिकित्सा सुविधा तो सब को दे रहे हैं और फाइनैि ायल्ज ऐड के लिए जो अधिकारी हैं उनके लिए पूरा विचार कर रहे हैं।

डाक्टर बृज मोहन गुप्ताः जैसे मंत्री महोदया ने बतायसा कि 105 अविवाहित लोगों के आप्रे ान हुए हैं तो 75 प्रति ात ऐसे चांसिज हैं कि रिक्लेनेलाइजे न जो हैं वह फेलुयर हो सकती है। इसलिए जिनका परमानैंट आप्रे ान हो गया है उसके जिए जो जिम्मेदार व्यक्ति है उनके ऊपर क्या एक ान लिया जाएगा ?

श्रीमती डाक्टर कमला वर्माः यह पालिसी मैटर की बात है। यह बात मुख्य मंत्री और सारे अन्य मंत्री कैबिनेट के, बैठकरी विचार कर लेंगे कि क्या लीगल पुनि ामैंट देनी है।

श्री मूल चन्द मंगलाः स्पीकर साहब, मंत्री महोदया ने सब जगह मैडिकल हैल्थ देने की बात कही है। मै अपके नोटिस में लाना चाहता हूं कि कई ऐसे केसिज है जिनको फ्री मैडिकल हैल्थ नहीं मिलती क्योंकि हस्पतालो में न डाक्टर होते है न दवाईयां होती है। अगर उन्हे दूसरी जगह भेजा जाए तो गरीब लोग जा नहीं सकते। हमारे पास ऐसी कई ि ाकायते आती हैं क्योंकि दवाखानो में दवाई का काई उचित प्रबन्ध नहीं है । क्या सरकार द्वारा भेजने के लिए कोई इन्तजाम किया गया है ?

श्री मति डाक्टर कमला वर्माः वैसे तो ह पांच हजार आबादी के कस्बे में हैल्थ डिपार्टमैंट ने एक मल्टी परपज वर्कर रखा हुआ है और हर 25 हजार की आबादी पर एक प्राइमरी हैल्थ सैन्टर बनाया हुआ है । अगर ये लोग वहां तक नहीं पहुच सकते तो जनता सरकार ने अब जन स्वास्थ्य रक्षण योजना बनाई है जो कि एक हजार के पीडे एक व्यक्ति चिकित्सा सेवा करेगा ताकि सबको मैडिकल हैल्थ मिल सके दवाई आदि तो बजट के आधार पर पैसा दिया जाता है और विचार कर लेगे।

मास्टर ि ाव प्रसादः क्या मंत्री महादया बताएंगी कि जिन अफसरान ने कांग्रेस के भाासन में कांग्रेस सरकार की ख ानूदि हसिल करने के लिए अपने अधीन काम करने वाले क्लर्क और चपड़ासियो का जबरदस्ती आप्रे ान करवाया है और आप्रे ान करवाने के बाद वे मृत्यु ौया पर पड़े हुए है उनके खिलाफ सरकार कोई एक ान लेगी ?

श्रीमति डाक्टर कमला वर्माः मैने पहले भी नम्र निवेदन किया था कि जैसे–जैसे हमें ऐसे केसिज का पता चलता जाएगा हम इनकी इनक्वायरी करवाएंगे और उनको पनि ा किया जाएगा।

श्री मति भाकुन्तला देवीः क्या मंत्री महोदया बताएंगी कि जो गरीब हरिजन जिन के पास न आप्रे ान के सर्टिफिकेट है ओर न ही कहीं इलाज के लिए जा सकते हैं उन का क्या हस्पतालो में इलाज करवाने के लिए सरकार ने कुछ सोचा है ?

श्रीमति डाक्टर कमला वर्माः अध्यक्ष महोद, जनता के जितने भी चुने हुए प्रतिनिधि हैं अगर ये कोई ि ाकायत करेंगे तो हम उनकी बात प्रमाणित मानेंगे।

श्री फतेहचन्द विजः स्पीकर साहब, जो कमेटी मुकर्रर की गई है उसका जिक यहां पर आया है कि केसिज को कमेटी को रैफर किया गया है। क्या 50 साल के उपर के लोग जिन का आप्रे ान हुआ है, उनके बारे में कोई इन्क्वायरी करवायेंगे ?

श्रीमति डाक्टर कमला वर्माः हर प्रकार की एकसैसिज, जो फैमिली प्लानिंग के बारे में की गई है , कि इनक्वायरी करवाएंगे। 50 वर्श से ऊपर 179 केस हैं ।

कानरेड भांकर लालः स्पकीर साहब, कुछ कर्मचारी ऐसे है जिनको सरकार ने या उन के बड़े आफिसरो ने हुक्म दिया है कि आप्रे ान करवाओ लेकिन उन्होने आप्रे ान नही करवाया, इनका हुक्म नहीं माना और इस बिना पर उनको मुअतिल कर

दिया, बरखास्त किया गया, डिग्रेड किया गया । क्या मंत्री महोदया बताएंगी कि इन कर्मचारियो का क्या हल है ?

श्रीमति डाक्टर कमला वर्माः अध्यक्ष महोदय, मै पहले भी नम्र निवेदन कर चुकी हूं कि ऐसी कई एप्लीके ान्ज जो हमारे नोटिस में आ रही है, हम उनको एग्जामिन करके री–इन्स्टेट कर रहे है और कोई हैरसमैंट नहीं की जायेगी ।

साथी अयोध्या प्रसादः क्या मंत्री महोदया बताएंगी कि 1976–77 में फैमिली प्लानिंग पर कुल कितना खर्चा हुआ है ?

श्रीमति डाक्टर कमला वर्माः यह सैपरेट क्वै चन है, इसके लिए नोटिस दे ।

श्री दीप चन्द भाटियाः मै आपके द्वारा मंत्री महोदया से पूछना चाहता हूं कि हमारे फरीदाबाद में बाद ाहखान हस्पताल है । इस हस्पताल की यह हालात है कि कोई दवाई ही नही मिलती । वहां पर नसबन्दी जबरदस्ती की गई लेकिन दवाई के नाम पर वहां एस्परो की गोली भी नहीं है .....

राव बीरेन्द्र सिंहः क्या इसको फैमिली प्लानिंग में इस्तेमाल करते हैं ? (हंसी)

श्री दीप चन्द भाटियाः वह हस्पताल बाद ाहखान के नाम से म ाहूर है.....

श्री अध्यक्षः आप सवाल पूछे ।

श्री दीप चन्द भाटियाः मै पूछना चाहता हूं कि जिस हस्पताल में एस्परो की गोली तक नहीं है, क्या वहां नसबन्दी के लिए दवाईयां मोजूद होगी ? मै समझता हूं नहीं होगी।

श्री मति डाक्टर कमला वर्माः अध्यक्ष महोदय जरूर होगी। हम बजट के आधार पर होस्पिटल्ज को पैसा अलाट करते है, हिस्से के अनुसार उस हस्पताल को भी पैसा मिलेगा और मिलता है ।

श्री मति भाान्ति देवीः मैं मंत्री महोदया से पूछना चाहूंगी कि फैमिली प्लानिंग के लिए इतना बड़ा स्टाफ जिसको कांग्रेस सरकार ने नियुक्त किया था कि आप्रे ान किए जाएं, इसमें से जो फालतू स्टाफ हो गया है उसको हटाने के लिए सरकार सोचेगी ? दूसरा सवाल भी मै साथ ही पूछ लेती हूं कि जो सरकारी कर्मचारी केवल आप्रे ान के भय से जिन्होने स्कूल छोड़े या दफतर छोड़े उनको वेतन देने के बारे में सरकार सोचेगी ?

श्रीमति डाक्टर कमला वर्माः फैमिली प्लानिंग के लिए जो वर्कर लगाए गए थे, उनको पैसा सैन्ट्रल गवर्नमैंट दिया करती थी। जब उनकी परफार्मेस ठीक नहीं निकली तो सैन्ट्रल गवर्नमैंट के आदे ाानुसार उनको निकाल दिया गया। लेकिन फिर भी हमारी स्टेट ने फैसला लिया है कि जो ऐसे व्यक्ति अन–एम्पलायड बैठे हैं, जैसे–जैसे हमारे नोटिस में आएंगे, उनको कहीं न कहीं

एडजस्ट किया जाएगा, लेकिन सब को एडजस्ट किया जाना है, यह बात विचाराधीन है।

चौधरी राम कि ानः स्पीकर साहब, 105 बच्चों के या मर्दों के जबरदस्ती आप्रे ान किए गए हैं। क्या मंत्री महोदया बताएगीं कि डिस्ट्रिक्टवाइज फिगर क्या हैं और उनके क्या–क्या नाम हैं ?

श्रीमति डाक्टर कमला वर्माः इनके नाम मेरे पास है, लिस्ट बड़ी लम्बी है। माननीय सदस्यगण मेरे पास आकर देख लें। अगर मैं एक–एक नाम पढ़ूं तो टाईम लगेगा।

स्वामी अग्निवे ाः आदरणीय अध्यक्ष महोदय, नसबन्दी परिवार नियोजन से सम्बन्धित है। एक तरफ तो हम चाहते है। कि जनसंख्या घटे और दूसरी तरफ बाजारों में अ लील साहित्य बिकता है जो परिवार नियोजन के रास्ते में रोड़ा अटकाता है। क्या मंत्री महोदया बताएगी कि नसबन्दी के साथ साथ अ लील साहित्य क पढ़ने पर पाबन्दी लगाई जाएगी ?

श्रीमति डाक्टर कमला वर्माः अध्यक्ष महोदय, जहां तक अ लील साहित्य का प्र न है, पब्लिक रिले ान डिपार्टमैंट वाले कुछ अच्छे प्रकार का साहित्य छपवाते हैं और उनकी कोि ा ा होती है कि अ लील साहित्य को चैक किया जाए। जनता को ि ाक्षित करने के लिए सैन्टर ने नई योजना बनाई है कि हर एक पंचायत एक आदमी चुनकर, एक हजार आदमियों क बच्चों के पीछे

काम करेगा वह गांव में जाकर लोगों को हर प्रकार से ि ाक्षित करेगा कि इस तरह परिवार नियोजन के अन्दर सहायता हो सकती है।

श्री भले रामः क्या मंत्री महोदया बताएंगी कि अब तक जिन लोगों के आप्रे ान हुए हैं, उनमें कितने आदमी 70 साल के बूढ़े और बूढ़ियां हैं (हंसी)

(कोई उतर नहीं दिया गया।)

श्री हीरा नन्द आर्यः क्या मंत्री महोदया बताएंगी कि जेलों में कितने आप्रे ान हुए हैं ?

श्रीमति डाक्टर कमला वर्माः केवल डैटेन्यूज के बताऊं या दूसरों के (व्यवधान)।

उद्योग मंत्री (डाक्टर मंगल सैन): इसके लिए सैप्रेट नोटिस दें। (हंसी)

चौधरी पीर चन्दः क्या मंत्री महोदया बताएंगी कि आप्रे ान करने से जो आदमी या औरतें बेकार हो गए हैं, कोई काम नहीं कर सकते, क्या उनके लिए पैं ान देने की कोई स्कीम सरकार के विचाराधीन है ?

श्रीमति डाक्टर कमला वर्माः अध्यक्ष महोदय, पैं ान देने की कोई स्कीम नहीं है, लेकिन फाइनैं ि ायल ऐड की स्कीम जरूर है।

चौधरी ई वर सिंहः मिनिस्टर साहबा ने अभी फरमाया कि एक हजार की बावादी के पीछे एक पंचायत से एक आदमी लेंगे स्वास्थ्य सम्बन्धी ट्रेनिंग देने के लिए। क्या मैं उनसे जान सकता हूं कि ये आदमी कब से लिए जाएंगे और उन्हें लेने का प्रोसीजर क्या है ?

श्रीमति डाक्टर कमला वर्माः मेरा ख्याल है कि माननीय सदस्य यह बात भूल गए हैं कि दो तारीख गांधी जयन्ती वाले दिन से यह योजना लागू कर दी गई है ?

चौधरी गंगा रामः अध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान के कानून के अनुसार कत्ल की सजा मौत होती है। तो मैं यह जानना चाहता हूं कि एमरजेंसी के दौरान आप्रे ान के नाम पर जिन कांग्रेसी आकाओं ने नौजवानों के कत्ल किए हैं क्या उन कांग्रेसी आकाओं के भी आप्रे ान करके उनको भी वही सजा देने के बारे में यह सरकार सोचेगी ? (विघ्न)

श्रीमति डाक्टर कमला वर्माः यह काम कानून का है और कानून पूरी तरह लागू होने पर यह काम स्वयं हो जाएगा।

Deletion of the column from teh Girdawari

***110. Ch. Shiv Ram Verma:** Will the Chief Minister be pleased to state:-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to delete the column realtion to 'Kashat' from teh Khasra Girdawari and the name of the cultivator (tenanat); and

(b) whether a Committee was constituted for the purpose as referred to in part(a) above; if so, the details of the report of the aforesaid Committee togetherwith the time by which the action is likely to be taken thereon?

Ch. Chief Minister (Ch. Devi Lal):

(a) No.

(b) Yes. The Committee recommended that it is not advisable to abolish column of cultivation. This column, besides showing the cultivator's rights, also contains various other useful entries. No action to abolish the aforesaid column has been initiated.

चौधरी ि ाव राम वर्मा: अध्यक्ष महोदय, पूर्व इसके कि मैं अपना प्र न पूछूं मैं यह जानना चाहता हूं कि फैमिली प्लानिंग के प्र न पर कांग्रेसियों ने कोई पूरक प्र न क्यों नहीं पूछा ? (हंसी)

अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री जी से मैंने यह प्र न पूछा था कि खसरा गिरदावरी में जो का त का खाना है, जिसमें का तकार का नाम लिखा जाता है, क्या सरकार उसको हटाने पर विचार करेगी। मुख्य मंत्री जी ने जवाब दिया नहीं। अध्यक्ष महोदय, हमारे यहां ऐसे कानून हैं जिनके अनुसार एक बार यदि गिरदउवरी

हो गई तो आपस में झगड़े भाुरू हो जाते हैं। इस डर के कारण काफी जमीन खाली पड़ी रहती है। लोग डर के मारे उसे बौने को नहीं देते। बिना जमीन वाल को जमीन नहीं मिलती और जमीन वालों की पैदावार कम होती है। अगर खसरा गिरदावरी से का तकार का नाम हटाकर यह कर दिया जाए कि जिस तरह पट्टा लिखवा कर किराए पर मकान लिया जात है उसी प्रकार जमीन भी ली जा सकती हैं तो बेहतर होगा। इससे यह होगा कि एक तो वह मालिक के नाम रहेगी दूसरे बेजमीन को जमीन मिलेगी और दे ा की पैदावार बड़ेगी। क्या सरकार इस पर विचार करेंगी ?

चौधरी देवी लालः मालिक अगर मौजूद न हो खुद का त न करता हो, और बहरहाल उसको किसी को जमीन देनी है तो उस का तकार का नाम खसरा गिरदावरी में न हो ऐसा नहीं हो सकता। किसी के नाम तो वह दर्ज होनी चाहिए। इसलिए इस कालम को हटाए जाने का वाल ही पैदा नहीं होता।

चौधरी ि ाव राम वर्माः अध्यक्ष महोदय, मैंने यह बात कही थी कि जैसे मकान का भी खाना नहीं होता और वह किरायानामा लिखवाकर के किराये पर दे दिया जाता है इसी तरह अगर पट्टा लिखवा करके बेजमीनों को जमीन दे दी जाए तो पैदावार भी बढ़ेगी और झगड़े की बात भी खत्म हो जायेगी। (विघ्न) मैं यही तो जानना चाहता हूं कि इस पर यदि सरकार विचार करें तो यह विचार समझ में आ जाएगा।

चौधरी देवी लालः स्पीकर साहब, पट्टे का भी रिवाज है। चाहे पट्टे पर दें, चाहे हिस्से पर दें, का तकार का खाना तो रखना ही पड़ेगा।

चौधरी पीर चन्दः अध्यक्ष महोदय, चौधरी शिव राम वर्मा जी ने अभी फरमाया कि का त का खाना खत्म कर दिया जाए। मैं मुख्य मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि वे इस खाने को जो अब मुजारे हैं उनको मालिक बनाकर खत्म करेंगे या पहले खत्म कर देंगे ?

चौधरी देवी लालः अभी नहीं करेंगे डरें नहीं।

Amount for the repair of School building in District Gurgaon

***132. Ch. Gajraj Eahadur Nagar:** Will the Minister for Education be pleased to state the amount that has been allocated to District Gurgaon during the current financial year for the repair of school buildings and the period during which the repairs to the badly affected schools in District Gurgaon are likely to be carried out?

शिक्षा मंत्री (कर्नल राव राम सिंह): सरकार स्कूलों के भवनों को मुरम्मत के लिए जिलावार पैसा ऐलोकेट नहीं करती। हर वर्श लोक निर्माण विभाग एवं पंचायत विभाग को सरकारी भवनों की मुरम्मत के लिए यकमु त पैसा दिया जाता है। इस वर्श

क्योंकि बाढ़ के कारण स्कूलों के भवनों को जो नुक्सान हुआ है, उस कारण सरकार लोक निर्माण विभाग को अधिक पैसा ऐलोकेट करने के लिए सोच रही है। लोक निर्माण विभाग को कह दिया गया है कि वह भीघ्राति ीघ्र स्कूलों के भवनों की मुरम्मत का कमा पूरा करें। अतः मुरम्मत के काम को पूरा करने की नि चत तिथि नहीं दी जा सकती।

श्रीमति भाान्ति देवीः अध्यक्ष महोदय, पी.डबल्यू.डी. को मुरम्मत के लिए सरकार तो रा ि ा निर्धारित कर देती है लेकिन अभी तक देखा यह गया है कि वे कभी कश्ट ही नहीं करते कि जाकर देखें कि कौन सी छत गिरने वाली हैं, कहां मुरम्मत होनी है और कहां सफेदी की आव यकता है। इसलिए मैं मिनिस्टर साहब से पूछना चाहूंगी कि क्या सरकार इस सम्बन्ध में उनको कड़े आदे ा जारी करेगी ताकि वे इन बातों को देखा तो करें ?

कर्नल राव राम सिंहः स्पीकर साहब, फ्लड अफैक्टिड डिस्ट्रिक्टस में एक सर्वे की गई है। इसे ऐजूके ान डिपार्टमैंट और पी.डबल्यू.डी. ने मिलकर किया है। अब तो यह फ्लड अफैक्टिड डिस्ट्रिक्टस में ही नहीं बल्कि सारे जिलों में कम्पलीट हो चुकी है। पी.डबल्यू.डी. को इंडिकेट कर दिया गया है कि ये–ये बिल्डिंग्ज हैं, जिसकी रिपेयर जल्दी से जल्दी करनी चाहिए।

चौधरी गजराज बहादुर नागरः मेरा सवाल, अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय से यह था कि स्कूल की बिल्डिंग्ज जो इस

फ्लड से या दूसरी तरह से टूट गई है वे कब तक मुरम्मत होंगी। इसका जवाब अभी नहीं आया। इसलिए अब मैं मंत्री जी से दो बातें जानना चाहूंगा एक तो यह कि बिल्डिंग्ज की मुरम्मत कब तक भ्रुरू हो जाएगी ? दूसरी बात यह है कि जिस तरह की बिल्डिंग्ज पी.डबल्यू.डी. बनाता है उससे मैं समझता हूं मिनिस्टर साहब बखूबी वाकिफ हैं। अतः मैं जानना चाहता हूं कि क्या सराकर कोई कमेटी या विजिलैन्स पी.डबल्यू.डी. के ठेकेदारान के ऊपर बिठाएगी ताकि वे पूरी तरह मुरम्मत का काम करें ?

कर्नल राव राम सिंहः स्पीकर साहब, आनरेबल मैम्बर के इनि ियल सवाल का जवाब मैंने जूरा दे दिया था। इन्होंने पूछा था कि डिस्ट्रिक्ट गुड़गांव में बिल्डिंग्ज की कब तक मुरम्मत हो जाएगी ? मैंने कहा तारीख देना मु कल हैं लेकिन जल्दी से जल्दी रिपेयर की कार्यवाही भ्रुरू कराई जाएगी। पैसे का प्रबन्ध किया जा रहा है। जहां तक इस बात का ताल्लुक है कि कोई विजिलैन्स लगाई जाए, पी.डबल्यू.डी. बी.एंड.आर. के ऊपर इसका इस वक्त कोई विचार नहीं है। मेरा ख्याल है कि इसमें एक डैडिके ान की भी बात होती है। मैं सब माननीय सदस्यों से और गांव पंचायतों से यह रिक्वैस्ट करूंगा कि जब तक पब्लिक इनवोल्वमैंट नहीं होगी, पब्लिक का डैडिके ान नहीं होगा तब तक यह बात ठीक नहीं हो सकती। जो काम हो रहा है, खास कर प्राईमरी स्कूल्ज की बिल्डिंग्ज का उसकी तरफ वे ध्यान दें, थोड़ा चैक रखे क्योंकि मैं समझता हूं हर चीज के ऊपर विजिलैन्स

बिठाना काम भुरू होने से पहले, यह कांफिडैन्स पैदा करने वाली बात नहीं है।

श्री मूल चन्द जैनः अध्यक्ष महोदय, सरकारी स्कूलों की मुरम्मत की समस्या हरियाणा में इतनी लम्बी चौड़ी हो गई है कि जितनी रकम सरकार इनकी मुरम्मत के लिए ईयरमार्क करती है वह बिल्कुल नाकाफी है। इसके पे ो नजर मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि क्या सरकार पंचायत, पंचायत समिति और मार्किट कमेटी को कानून में तरमीम करके यह सुझाव देगी कि वे सबसे पहले इन स्कूलों की मुरम्मत में हिस्सा लें ताकि स्कूल बिल्डिंग की मुरम्मत हो और बच्चे ठीक ढंग से बैठ सकें ?

कर्नल राव राम सिंहः जैसा कि मूल चन्द जैन जी ने अभी फरमाया है कि बिल्डिंगों की बड़ी भारी समस्या ह। इस साल जो बजट एलोकेट हुआ है, वह तो पहले ही एलोकेट हो चुका है, उसके बारे में मैं क्या कह सकता हूं लेकिन मैं इतना कह सकता हूं कि फ्लड की वजह से जिन बिल्डिंगों को नुक्सान हुआ है उनके लिए वह काफी नहीं है। फ्लड की वजह से सैंट्रल गवर्नमैंट से पैसा मांगा गया है, वह पैसा जब आयेगा तो उसमें से कुछ हिस्सा तो जरूर अलाट किया जायेगा। जहां तक मार्किटिंग बोर्ड का सम्बन्ध है उनसे पैसा ले कर लगाने का, उनसे भी इस वक्त पैसा नहीं ले सकते हैं। इसलिए अगर कोई सुझाव आयेगा तो मैं जरूर मार्किटिंग बोर्ड या मंत्री मंडल के सामने इस बात को पुट अप करूंगा।

श्री अध्यक्षः मैं मेम्बर साहिबान से दरखास्त करूंगा कि सवाल पूछने वाले मैम्बरान बहुत ज्यादा है इसलिए सवाल छोटा करके पूछें ताकि ज्यादा से ज्यादा मेम्बरों को सवाल पूछने का मौका मिल सके।

चौधरी राम कि ानः क्या ि ाक्षा मंत्री महोदय, यह बताने का कश्ट करेंगे कि हरियाणा का 1/3 हिस्सा फ्लड की जद मैं आ गया है जिसके कारण स्कूलों की इमारतें बेकार हो गई हैं और जो लोग गांव में अपने प्राइवेट स्कूल चला रहे रहे थे, अब वे उनको चलाने में असमर्थ है, उनके पास कोई साधन नहीं है, सरकार का कोई विचार है कि जिन स्कूलों की बिल्डिंग हैं, स्ट्रैन्थ पूरी है, मैदान है, उनको टेक–ओवर कर लिया जाये ?

कर्नल राव राम सिंहः यह स्कीम अन्डर एग्जामीने ान हैं लेकिन मेरा विचार है कि फाइनेन्ा ाल इम्पलीके ान्ज इतनी गम्भीर होंगी कि सारे स्कूलों को टेक–ओवर करना ना मुमकीन हैं। वैसे यह मामला अन्डर एग्जामीने ान है।

चौधरी हरस्वरूप बूराः मंत्री महोदय यह बताने का कश्ट करेंगे कि जिन स्कूलों की मुरम्मत होनी जरूरी है और वहां पर बिल्डिंग फन्ड पड़ा हुआ है, क्या उस फंड को वही पर लगाने की इजाजत दे देंगे ताकि उन लोगों को सुविधा हो जाये ?

कर्नल राव राम सिंहः यह बहुत अच्छी सुजै ान है। अगर किसी स्कूल का बिल्डिंग फंड पड़ा हुआ है तो उस पर जरूर गौर करेंगे।

श्री गुलजार सिंहः मंत्री महोदय बताएंगे कि जो बिल्डिंग मुरम्मत कराने का तरीका है, इसमें बदनामी बहुत होती है, कई किस्म की बाते कही जाती है, कोई कहता है कि गबन हो गया, मेरा सवाल यह है कि पी.डबल्यू.डी. के थ्रू या पंचायत के थ्रू, कोई ऐसा तरीका मुरम्मत का नहीं निकाला जा सकता है जिससे पैसे की हेराफेरी न हो ?

कर्नल राव राम सिंहः जनता पार्टी ने सबसे पहले हेर फेर और भ्रश्टाचार को बन्द करने का प्रोग्राम बनाया है। उसी प्रोग्राम के तहत हर मुमकिन कोि ा ा की जाएगी कि बिल्डिगों की मुरम्मत में कोई हेरा–फेरी या क्रप ान न हो।

स्वामी आदित्यवे ाः स्पीकर साहब, मेवात में बहुत से ऐसे स्कूल है, जहां पर बिल्डिंगों में अभी तक पानी भरा हुआ है और बच्चों के लिए बैठने के लिए भी प्रबन्ध नहीं है, कुछ ऐसी बिल्डिगें हैं, जिनकी मुरम्मत होनी है, तो मैं मिनिस्टर साहब से निि चत टाईम चाहता हूं कि कब तक मुरम्मत हो जाएगी ?

कर्नल राव राम सिंहः अभी–अभी मेरे पास खबर आई है कि स्कूलों की बिल्डिंगों की मुरम्मत भाुरू हो चुकी है। पी.डब्ल्यू. डी. ने भाुरू कर दी है। जहां तक मेवात के इलाकों का ताल्लुक

है, जिन इलाकों में अभी तक दो–दो और तीन–तीन फुट पानी भरा हुआ है, उनकी मुरम्मत तभी भुरू की जाएगी, जब पानी ड्रे आउट किया जाएगा। बाकी सारा काम भुरू है। जैसा कि पहले अर्ज किया है कि डेट आफ कम्ली ान का वक्त देना ना–मुमकिन है।

चौधरी लाल सिंहः मंत्री महोदय, यह बताने का कश्ट करेंगे कि जो पहले कांग्रेस सरकार थी, उसने बहुत सारी स्कूलों की बिल्डिंग का पैसा खाया है और वह बिल्डिंग अधूरी पड़ी हुई है, क्या उनके लिए भी कुछ किया जाएगा ? (हंसी)

(कोई उतर नहीं दिया गया।)

श्री लछमन सिंहः स्पीकर साहब, जो सब माउनटेनियस एरियाज हैं जैसे कालका और नारायणगढ़, उनमें जितने भी स्कूल हैं, वे तमाम के तमाम लीक कर रहे हैं तो मैं एजुके ान मिनिस्टर साहब से यह जानना चाहता हूं कि क्या उनकी मुरम्मत का सारा काम पी.डब्ल्यू.डी. के हवाले कर दिया गया है, अगर किया गया है तो क्या एजुके ान डिपार्टमैंट भी वाच करता हैं ?

कर्नल राव राम सिंहः मुरम्मत का जहां तक सवाल है। प्राइमरी स्कूल की मुरम्मत पंचायत विभाग करवाता है। प्राइमरी स्कूल से ऊपर के जो स्कूल हैं उनकी पी.डब्ल्यू.डी. करवाता है। जहां तक एजुके ान डिपार्टमैंट का ताल्लुक है, हमारे लोकल आफिसर्ज, बी.ई.ओ. हैडमास्टर्ज या दूसरे आफिसर्ज हैं, वे वाच

करते हैं बाकी कोई खास सैल नहीं हैं जो रिपेयर के बारे में सुपरविजन करें।

श्री लछमन सिंहः लेकिन उनकी मुरम्मत का जो काम होता है उसका डाटा तो अपनी नालेज के लिए रखते होंगे।

कर्नल राव राम सिंहः स्कूलोकं की रिपेअर का डाटा तो एजुके ान डिपार्टमैंट के पास है। जैसे जैसे मुरम्मत के आर्डर दिए जाते हैं वे अपना काम भाुरू कर देते हैं।

चौधरी देस राजः क्या मंत्री महोदय यह बताने का कश्ट करेंगे कि हरियाणा में कितने स्कूल काबिले मुरम्मत हैं ?

कर्नल राव राम सिंहः हरियाणा को डिस्ट्रिक्टवाईज लिस्ट बना रखी है। 612 स्कूल हैं जिनकी अर्जेन्ट मुरम्मत की जरूरत है।

श्री मूल चन्द मंगलाः मंत्री महोदय से मैं अर्ज करना चाहता हूं कि सरकारी बिल्डिंगों की हालत बहुत खराब है, केवल तीन सरकारी बिल्डिगें हैं और पचास प्राइवेट बिल्डिगें किराए पर स्कूलों के लिए ली हुई है, प्राइवेट स्कूल वाले उनकी मुरम्मत कराने के लिए तैयार नहीं है, उनकी हालत बड़ी खस्ता है, कड़ियां टूटी हुई हैं और सरकारी स्कूलों की बिल्डिग्ज की हालत भी तसल्लीबख्भा नहीं है, तो क्या सरकार उन बिल्डिग्ज की मुरम्मत कराने के लिए तैयार है या उन प्राइवेट बिल्डिग्ज को एक्वायर

करने के लिए तैयार है ? दूसरे क्या प्राइवेट स्कूल के मालिकों को मुरम्मत के लिए मजबूर करने के लिए तैयार है ?

श्री अध्यक्षः आप छोटा सवाल किया करें।

श्री मूल चन्द मंगलाः मेरे सवाल का जवाब नहीं आया।

श्री अध्यक्षः आपने सवाल ही इतना लम्बा कर दिया, उसमें कसूर आपका है ? अब आप बैठिए आपको फिर मौका दिया जाएगा।

श्री रघुनाथ गोयलः मैं मंत्री महोदय से यह पूछना चाहता हूं कि भाहरों में जो प्राइमरी स्कूल हैं वे पंचायतों को दिए हुए हैं, अगर वे नगरपालिकाओं को दे दिए जाएं तो कैसा रहेगा ? दूसरी बात यह है कि बहुत से ऐसे स्कूल है, जिनकी छतें गिरी हुई हैं, न किवाड़ है न कुछ है उनकी तरफ कब ध्यान दिया जाएगा ?

कर्नल राव राम सिंहः मेरा ख्याल है कि मैंबर साहब ठीक तरह से समझ नहीं सके। पंचायतों को स्कूल नहीं दे रखे हैं। पंचायत महकमे के पास पी.डब्ल्यू.डी. का एक इंजीनियरिंग सैल होता है, क्योंकि स्कूल गांव में है इसलिए सिर्फ उनकी रिपैअर पंचायत का महकमा करता है स्कूल पंचायतों के पास नहीं है। जो भाहरों में स्कूल हैं, उनको म्युनिसिपल कमेटी को देने का सरकार का कोई विचार नहीं है।

चौधरी ई वर सिंहः क्या मंत्री महोदय यह बताने का कश्ट करेंगे कि हाई स्कूल तो सरकार ने पी.डब्ल्यू.डी. के अन्डर कर दिए लेकिन प्राइमरी स्कूल जिनकी संख्या सबसे ज्यादा है उनको कब तक पी.डब्ल्यू.डी. के अन्डर ले लिया जाएगा ?

कर्नल राव राम सिंहः जितने भी स्कूल हैं, पी.डब्ल्यू.डी. टेकओवर करने को तैयार है, वह तो अपने चार्ज में लेना चाहती है लेकिन कई स्कूलों की बिल्डिंगों की हालत बहुत खराब है इसलिए पी.डब्ल्यू.डी. उनको फिलहाल टैकओवर करने को तैयार नहीं है। जैसे जैसे रिपेअर होती जाएगी तो पी.डब्ल्यू.डी. उन स्कूलों की बिल्डिंगे लेती जाएगी। आहिस्ता आहिस्ता प्रोसैस जारी है।

श्री दीप चन्द भाटियाः मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि फरीदाबाद में सबसे ज्यादा इंडस्ट्री है, सबसे ज्यादा आमदनी वाला हिससा है वहां पर स्कूलों की बिल्डिंगज की हालत तो खराब है ही, लेकिन वहां पर बच्चों के लिए पीने के पानी का भी ठीक तरह से प्रबन्ध नहीं हैं, क्या वहां स्कूलों में सरकार नलके का प्रबन्ध कराने के लिए तैयार हैं ?

श्री अध्यक्षः अब भाटिया साहब, बैठिए, क्वै चन आवर खत्म हो गया।

Declaration of Narwana as Backward area

***134. Sh. Shamsher Singh:** Will the Minister for Social Welfare be pleased to state:-

(a) whether the erstwhile Punjab Government vide its notification No. WGII- (I)-61/30613, dated 13-12-1960 and No. 3530- SWII-62/16393, dated 6-8-62 declared Jind Sub-Division as Backward Area and that at that time Jind Sub-Division comprised of Jind and Narwana Tehsil;

(b) whether Narwana Tehsil was upraded into a Sub-Division in 1964;

(c) whether it is a fact that vide Government Notification No. 3895- SK-174/10611 of 11/17-6-74 Jind Sub-Division only was declared Backward;

(d) whether it is fact that Narwana was left out because of inadvertance; and

(e) whether the Government intends to rectifiy the mis take and declare Narwana Sub-Division as Backward one?

समाज कल्याण मंत्री (श्री प्रीत सिंह):

(ए) जींद उप मण्डल जिसमें नरवाना तहसील भी सम्मिलित थी, को पिछड़ा क्षेत्र पंजाब सरकार के परिपत्र क्रमांक डब्ल्यू.जी. II-(1) – 61/30613, dated 13-12-1961 द्वारा घोशित किया गया था। क्रमांक डब्ल्यू.जी.(1)-61/30613, dated 13-12-1961 को कोई ऐसी अधिसूचना जारी नहीं की गई थी। परन्तु क्रमांक 3530 एस.डब्ल्यू. 0—2—62/16393 दिनांक 8—6—1962 द्वारा कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई थी। किन्तु एक परिपत्र क्रमांक

3530–5 डब्ल्यू.जी. 0–11–62/16343 दिनांक 6–8–1962 जारी किया गया था, जिसमें गुरदासपुर तथा अमृतसर जिले के कुछ ग्रामों को पिछड़ा क्षेत्र घोशित किया गया है।

(बी) हां।

(सी) कोई अधिसूचना क्रमांक 3895 स क – 1–74/10611 दिनांक 11/17–6–74 द्वारा जारी नहीं की गई हैं, अपितु इस नम्बर से एक परिपत्र जारी किया गया था जिसका सम्बन्ध जींद उप मण्डल को पिछड़ा घोशित करने से नहीं था, अपितु इस परिपत्र में जिला भिवानी की बवानी खेड़ा तहसील को पिछड़ा क्षेत्र घोशित किया गया है।

(डी) मामले पर विचार कर लिया जाएगा।

(इ) इस समय नरवाना उप मण्डल को पिछड़ा क्षेत्र घोशित करने का कोई प्रस्ताव विचारधीन नहीं है, तथापि इस प्र न पर विचार कर लिया जाएगा।

Selection Grade to B.A. B/Ed. and J.B.T Teachers

***141. Sh. Bhale Ram:** Will the Minister for Education be pleased to state the number of B.A., B.Ed. and J.B.T. teachers who were given the selection grade during the period from 1-11-69 to 1-9-77 in the State Separately?

ि ाक्षा मंत्री (कर्नल राव राम सिंह):

बी.ए.बी.एड. अध्यापक 968

जे.बी.टी. अध्यापक 3695

Distribution of Water

***147. Sh. Mool Chand Jain:** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state:-

(a) the date on which the decision regarding the distribution of water between Pakistan and India, from which Haryana and Punjab are being its share, was arrived at;

(b) the share given to Haryana & Punjab out of the wter mentioned in part (a) above;

(c) the date and the manner in which the said water is being distributed between the State of Haryana and Punjab;

(d) whether the Haryana State is utilising its share;

(e) whether it is a fact that Haryana Government cannot get benefit from this water unless a long and wide canal is constructed through the Punjab Territory; and

(f) if so, the steps taken to construct the canal mentioned in part (e) abvoe?

सिंचाई एवं बिजली मंत्री (श्री बीरेन्द्र सिंह):

(ए) 19 सितम्बर, 1960। पूर्व तिथि 1—4—1960 में लागू।

(बी) हरियाणा 3.5 एम.ए.एफ.

पंजाब 3.5 एम.ए.एफ.

(सी) 1—11—1968 से अस्थाई आधार पर हरियाणा 35 प्रति ात, पंजाब 65 प्रति ात रावी ब्यास के फालतू पानी का सरहिन्द फीडर में प्रयोग के कारण भाखड़े में हुई बचत के अनुसार।

(डी) हां, केवल भागां ा का ही प्रयोग किया जा रहा है।

(ई) हां, परन्तु वर्तमान भाखड़ा नहर द्वारा आंि ाक रूप में लाभ उपलब्ध है।

(एफ) हरियाणा में नहर पर कार्य पूर्ण गति पर है। पंजाब में नहर पर कार्य भीघ्र प्रारम्भ करने के लिए पंजाब सरकार तथा भारत सरकार के साथ बातचीत चल रही है।

J.B.T. Teachers

***63. Rao Dalip Singh:** Will the Minister for Education be pleased to state:-

(a) the total number of J.B.T. teachers serving in the Education Department on permanent and temporary basis, separately, in the State to-date;

(b) the total number of J.B.T. teachers out of those referred to in part (a) above who have not been confirmed fro more than three years and five year separately in the State to-date; and

(c) whether there is any proposal under consideration of the Government to confirm the temporary J.B.T. teachers as referred to in part (a) above?

INTERIM REPLY

अर्धसरकारी पत्रांक 14143—ि I.III(7 ि I)77/33061

कर्नल राम सिंह

मंत्री

ि ाक्षा विभाग, हरियाणा, चण्डीगढ़।

अक्तूबर, 1977

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू (पाई) : डिप्टी स्पीकर साहब, आपका बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया। मैं तो अपने चीफ मिनिस्टर साहब से यह प्रार्थना करूंगा कि इस रैज्योलू ान में जो दो तीन जिले दिये गये हैं, उन दो तीन जिलों को ही नहीं बल्कि सारे हरियाणा को एज ए होल टेक अप किया जाये और सब जिलों को लेकर एक स्कीम या एक प्लान बनायी जाये। हरियाणा एक घर जैसा है जो कि एक छोटा सा सूबा है। इस तरह बात कहने से कुछ नहीं बनेगा कि पिछली गवर्नमैंट ने यह नहीं किया वह नहीं किया। किसी गवर्नमैंट पर इल्जाम लगाना गलत बात है। (We should forget about the past and talk about the future) हम सब मिलकर हरियाणा को ऊंचा उठाना चाहते हैं। इसलिये चाहे हमें छोटे मोटे काम दूसरे जो हैं, वे बन्द भी कर देने पडें, लेकिन हमें इस साल ड्रेन्ज की कन्स्ट्रक ान और दूसरे फलड से राहत के काम वार–फुटिंग पर करने चाहिएं ताकि जो इस साल तबाही आयी है वह आईन्दा आने वाले सालौं में न आने पाय। मैं चीफ मिनिस्टर साहब से यह कहूंगा कि इस काम में हम सब चीफ मिनिस्टर साहब के साथ हैं। बे ाक छोटे छोटे कामों को अभी फिलहाल बन्द कर दिया जाये मगर यह काम सबसे पहले करना चाहिए। मेरे इलाके की एक मांग यह भी है कि उनका लगान माफ कर दिया जाये। इन्होंने सस्पैंड कर दिया है, यह ठीक नहीं है। अगर यह मामला मुआफ कर दें तो इनकी बहुत मेहरबानी होगी वरना सस्पैंड भी न करे तो अच्छा है। लेकिन जो दूसरे बैडली अफैक्टिड एरियाज हैं, उनमें बे ाक

यह सस्पेंड रखें मगर हमारे इलाके कैथल डिस्ट्रिक्ट कुरुक्षेत्र में या तो मुआफ करें वरना सस्पैंड भी न करें। दूसरी और इम्पोर्टेन्ट बात यह है कि अगला बरसात आने तक यह बन कर तैयार हो जायें। बे ाक दूसरे काम बन्द करने पड़े लेकिन यह काम पहले पूरा होना चाहिए ताकि दोबारा हरियाणा में फ्लड्ज तबाही न मचा सकें। ..... (व्यवधान) ..... मैं जनता पार्टी के मैम्बरान से यह प्रार्थना करूंगा कि आपको तो कांग्रेस पार्टी के मैम्बरान का भुक्र गुजार होना चाहिए कि इन्होंने गलती की तो आपको राज मिल गया। ..... (व्यवधान) ..... इसलिये मैं आपसे यह प्रार्थना करूंगा कि मेरे हलके में 5–6 गांव ऐसे हैं जैसे कापत है, पाई है, रवाना, रवानी, करोडा, काकोच, पिलनी हैं, जहां पर अभी भी पानी खड़ा है। तहसील कैथल में 20 पम्पस तो लगा दिये हैं। मैं इनसे प्रार्थना करूंगा कि इस इलाके में फौरी तौर पर पानी निकालने के लिये प्रबन्ध किया जाये ताकि जो खेत पानी से भरे पड़े हैं, वह काबलेका त हो सकें बे ाक इसके लिये वहां के लिये और ज्यादा पम्पस दिये जायें।

अगर आप चने के बीज पर सबसिडी देते हैं, या उस कंसै ान देते हैं या तो आप बीज बिल्कुल न दें और अगर देते हैं तो पूरा बीज दें, क्योंकि थोड़ा बीज होने से लड़ाई होती है। नम्बर दो बात यह है कि पाई एक गांव है। वहां 25 मन बीज गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, 25 मन बीज से कैसे काम चल सकता है

या तो पूरा बीज दें, वरना बिल्कुल न दें। मेरी प्रार्थना है कि हमारे इलाके से फौरी तौर पर पानी निकाला जाए। धन्यवाद।

कैप्टन मांगे राम (झज्जर–एस0सी0) : उपाध्यक्ष महोदय, फ्लड के बारे में हर इलाके और हर जिले से आवाज आ रही है। झज्जर में जितना फ्लड का प्रकोप हुआ, उतना किसी इलाके में नहीं हुआ है। मेरे ख्याल में 125 बाढ़ पीड़ित गांवों में 41 गांव फ्लड की चपेट में हैं और उन 41 गांवों में से 36 गांवों में अभी तक चारों तरफ पानी भरा हुआ है। सारे इलाके के लोगों की यह आवाज है कि अगर 15 नवम्बर तक पानी न निकाला गया तो वहां जमनी के बीजने के कोई आसार नहीं है। जब तक पानी नहीं निकलेगा, वह जमीन बीजने के काबिल नहीं होगी। मेरे हल्के में आई0 पी0 एम0 साहब और फाइनैंि ायल कमि नर साहब और प्लानिंग कमि ान की टीम आई थी और चौधरी चांद राम ने भी दौरा किया था और उन्होंने लोगों को यकीन दिलाया था कि 31 अक्तूबर या 15 नवम्बर तक पानी निकाल देंगे। लेकिन मैं नहीं समझता कि यह पानी इतनी जल्दी निकल जाएगा, क्योंकि पानी निकालने की रफ्तार काफी कम है। डिप्टी स्पीकर साहब, इन 36 गांवों में काफी पानी है और कुछ ग्रामों के लोग बाहर सरकियों में पड़े हैं जैसे कलोई, निवादा, सुरहती आदि। वहां पर लोगों के घर तबाह हो गए हैं। रा ान बाढ़ पीड़ित ग्रामों में एक बार ही दिया गया। सैकिण्ड राउण्ड के बाद केवल पानी से घिरे हुए गांवों को ही दिया गया। वे लोग बेघर हैं और उनको ठीक तरह से ग्राण्ट

नहीं मिल रही है। रिलीफ के काम में उनको मदद नहीं मिल रही है। वहां बीमारी फैलने का खतरा है, क्योंकि पानी भरा हुआ है। लोगों की यह आवाज है कि अगर तहसील लेवल पर एक एम्पलायमैंट आफिसर तथा उचित संख्या में क्लर्क और चपरासी रख दिए जाएं तो जो बेकारी की समस्या है, वह कुछ हल हो जाएगी क्योंकि बाढ़ के कारण बहुत लोग बेकार हैं।

श्री उपाध्यक्ष : यह फ्लड के बारे में रेजोल्यू ान है आप इसी पर बोलें।

कैप्टन मांगे राम : डिप्टी स्पीकर साहब, वहां पर लोगों की आवाज है कि पुलिस और फौज की रिक्रूटमैंट अगर भ्ाुय कर दी जाए, तो इससे भी बेरोजगारी की समस्या हल हो सकती है। डिप्टी स्पीकर साहब, पानी को निकालने का बन्दोबस्त अगर जल्दी न किया गया तो बहुत तबाही होगी और इसका असर जनता पार्टी पर पडेगा। इसके लिए आपके द्वारा सरकार से मेरी प्रार्थना है कि जितना जल्दी हो सके वहां से पानी निकाला जाए, और फसल बिजवाने का माकूल इन्तजाम किया जाए।

श्री मूल चन्द मंगला (पलवल) : डिप्टी स्पीकर साहब, गुड़गांव जिले में फ्लड से काफी नुक्सान हुआ है लेकिन पलवल, बल्लभगढ़ और फरीदाबाद के क्षेत्र में काफी नुक्सान हुआ है। इस

क्षेत्र में यू0 पी0 की 12 ड्रेनें हैं और ये ड्रेन्ज़ सौ साल पुरानी हैं। वे अब काम नहीं करती क्योंकि यू0 पी0 की सरकार उनका ठीक इन्तमाज नहीं करती। यू0 पी0 की सरकार उनकी सफाई नहीं करती इसलिए उन ड्रेन्ज़ से पानी नहीं निकलता और उसकी वजह से फ्लड ज्यादा आते हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, आपके द्वारा मै। सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि या तो हरियाणा सरकार उन ड्रेन्ज़ को यू0 पी0 सरकार से ले ले और अगर यू0 पी0 सरकार उनको देने के लिए तैयार नहीं है तो उनका इन्तजाम हरियाणा सरकार अपने हाथ में ले ले ताकि उनकी सफाई अच्छी तरह से हो सके। अगर उन ड्रेन्ज की सफाई ठीक से हो जाए तो पानी ठीक तरह से निकल जाएगा। पानी न निकलने से ही फ्लड का जोर रहता है। इनकी सफाई होने से फ्लड की समस्या हल हो जाएगी। यही मेरी प्रार्थना है।

चौधरी पीर चन्द (रतिया–अनुसूचित जाति) : उपाध्यक्ष महोदय, कई दफा खड़े होने के बाद आपने मुझे बोलने का टाईम दिया उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। डिप्टी स्पीकर साहब, हमारी सरकार ने, जहां फ्लड आता है उस फ्लड को रोकने के लिए जो स्कीम बनाई है, वह बहुत अच्छी स्कीमें हैं और फ्लड को खत्म करने के लिए सरकार जो स्कीम बना रही है यह सरकार का बहुत सराहनीय काम है। मैं आपके द्वारा इरीगे ान मन्त्री और मुख्य मन्त्री से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि हमारे यहां रजिया के 18 गांव हैं वहां पर पिछले दस साल से फ्लड आता है और इस

दफा भी काफी फ्लड आए हैं। मुख्य मंत्री जी और सैन्टर के मिनिस्टर साहब वहां पर देखकर आए हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, वहां रमोही के नाम से एक नहर है। वह नहर अंग्रेजों के टाईम की है। वह नहर बन्द हो जाती थी और नहर की भाकल खत्म हो जाती है। उसका तमाम पानी जहां रेतीला इलका है वहां पहुंच जाता है। अगर वह नहर ठीक से काम करे तो वह उस इलाके की फसल को काफी फायदा पहुंचा सकती है लेकिन पानी फ्लड की भाक्ल में बदल जाता है और इन अठारह गांवों की फसल को तबाह करता है। दस साल से यहां के लोग इस मुसीबत का सामना कर रहे हैं। पिछली कांग्रेस की सरकार ने इस पर गौर नहीं किया। मैं आपके द्वारा मुख्य मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि तीन चार इलाकों के लिए जिस तरह की स्कीम बनी है, उस स्कीम के अन्दर इस इलाके को भी भाामिल कर लिया जाए और यहां के लोगों को बचाने की कोि ा ा की जाए। मुझे इस सरकार के बारे में यह कहने में खु ाी है कि इतनी बड़ी जो एक मुसीबत हरियाणा में आई। हमारी सरकार ने उसको बहुत अच्छी तरह से निभाया और यहां के आफिसर्ज़ ने भी बड़ी हिम्मत के साथ काम किया। अन्त में मेरी सरकार से प्रार्थना है कि मैंने सरकार से जो प्रार्थना की है कि वह मेरे इलाके को भी उस फ्लड की

स्कीम में भाामिल कर ले, मुझे आ ाा है कि सरकार मेरी इस प्रार्थना को स्वीकार करेगी।

चौधरी सन्त कंवर (हसनगढ़) : डिप्टी स्पीकर साहब, थोड़ा–थोड़ा समय दिया जा रहा है, लेकिन यह अच्छा है इससे सबको समय मिल जाएगा। डिप्टी स्पीकर साहब, हरियाणा में जो बाढ़ आई है वह इतनी जोर से क्यों आई इसकी तरफ मैं आपकी मारफत सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। पहली भी बरसात होती रही हैं, लेकिन इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि जितनी ड्रेनें निकाली गई हैं वह पोलिटिकल प्रै ार से निकाली गई हैं। जिसके खेत में से यह ड्रेनें निकाली गई वह किसी मन्त्री की सिफारि ा से निकाली गई। जहां खेत में लेवल नहीं था वहां भी ड्रेन निकाल दी गई और इस तरह से पानी निकलने में रूकावट आई।

दूसरी बात यह है जो कि चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी के नोटिस में लाना चाहता हूं कि जो ड्रेन्ज डिपार्टमैंट है, वह पिछले दिनों इता कश्ट रहा है कि जिसकी मिसाल और डिपार्टमैंट में नहीं मिलती। मैं अपने हल्के की दो ड्रेन्ज़ गान्धरा ड्रेन और पाकसमा ड्रेन का जिक्र करना चाहता हूं। कागजों के ऊपर तो हम वहां से जो पानी लेते हैं, वह 70 क्यूसिक्स है लेकिन असल में वहां से 10 क्यूसिक्स पानी भी नहीं मिलता। दो–दो मीत तक की ड्रेन्ज ऐसी हैं जो कागजों में तो दिखा दी गई हैं कि निकाल रखी हैं लेकिन अगर मौके पर जाकर देखा जाए तो कोई ड्रेन नहीं है। मैंने नए एक्सियन साहब से इस बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि 80–80 हजार की पेमैंट की गई है लेकिन वहां पर कस्सी

नहीं लगाई गई। सबसे जरूरी चीज यह है कि सरकार का ड्रेन्ज़ के ऊपर जो पैसा लगे, वह ड्रेन खोदने के लिए ही लगे, अफसरों और ठेकेदारों की जेबों में न जाए। तीसरी बात यह है कि जो धांसा बांध है इसके बंधने से सारे का सारा पानी रोहतक जिले की झज्जर तहसील में और रोहतक तहसील में जाता है। मैं एक चेतावनी देना चाहता हूं कि अगर कोई ड्रेन दिल्ली रोहतक रोड से साउथ की तरफ नहीं निकाली गई तो उस पानी का कोई इन्तजाम नहीं होगा। अगर कोई ड्रेन निकालें तो वह कम से कम इतनी बड़ी होनी चाहिए जितनी बड़ी डाईव र्न ड्रेन नम्बर 8 है। वैस्ट जुआं जो ड्रेन बाढ़ आने से पहले ही ओवर फलो कर गई थी। धांसा बांध के बारे में मैं यह बात बता देना चाहता हूं कि वहां के लोग इस साल की बाढ़ से इतने परे ाान हो गए हैं कि वे बेघर हो गए हैं। अगले साल भी अगर इस किस्म का वाकया हुआ तो वे लोग चाहे हमारी या सैन्टर की सरकार रोकने की कितनी ही कोि ा ा करे, उस बांध को तोड़ देंगे और भाायद हम भी उसमें भाामिल हों। लेकिन इससे पहले मैं यह चाहता हूं कि सरकार इसी साल में पूरे तरीके से अपनी ड्रेन्ज का इन्तजाम करे और सारा पैसा ड्रेन्ज के ऊपर लगाया जाए। धन्यवाद।

चौधरी खुर ीर अहमद (ताउडू) : डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपकी मार्फत हाउस .....

चौधरी सन्त कंवर : डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है कि मैं सरकारी चेयरमैन की बात कहना भूल गया

था। ये जो तनखा लेते हैं, ये यही काम करते हैं या कुछ और भी काम करते हैं ?

श्री उपाध्यक्ष : यह प्वांयट आफ आर्डर नहीं है।

कामरेड भांकर लाल : हमें भी बोलने के लिए समय दिया जाए। हमारे साथ कल भी यही हुआ और आज भी वही हो रहा है।

श्री उपाध्यक्ष : आप बैठिए आपको भी समय मिलेगा। अब खुर ीद जी ने बोलना भुरू कर दिया है।

चौधरी खुर ीद अहमद : डिप्टी स्पीकार साहिब, आपकी मार्फत मैं एक चीज हाउस के नोटिस में लाना चाहता हूं कि हमारा मेवात का इलाका इस साल ही नहीं क्योंकि इस साल तो बहुत गैर मामूली तौर पर बारि ों ज्यादा हुई हैं, आम तौर पर बाढ़ की लपेट में आ जाता है। बारि ा की वजह से हरियाणा का हर इलाका आज बाढ़ की लपेट में है, लेकिन अगर मामूली भी बारि ा हो तो मेवात का इलाका ऐसा है कि मामूली बारि ा से इसे बाढ़ की लपेट में आना पड़ता है। वह इसलिए आता है कि हरियाणा का यह आखिरी इलाका है। पानी का जो भी निकास है वह इसमें से होकर राजस्थान और यू0 पी0 को डेढ़ दो सौ मील की एक छोटी ड्रेन से निकालना पड़ता है और इस साल जबकि रिकार्ड बारि ा हुई, तो नूंह और फिरोजपुर झिरका के इलाके में जो पानी आया वह तकरीबन आठ लाख एकड़ फीट पानी आया

जिसको निकालने का रास्ता सिर्फ एक छोटी से ड्रेन है, जिसे पहाड़ी ड्रेन कहा जाता है और हरियाणा के इलाके में उसे उजीना ड्रेन कहा जाता है। अगर वह ड्रेन सारा साल भी चलती रहे, तो भी यह पानी नहीं निकल सकता। आज बहुत से इलाकों का पानी तो निकल गया लेकिन तहसील नूंह और फिरोजपूर झिरका में ऐसे गांव हैं, जिनके मकानों के दरवाजों तक आज भी पानी भरा हुआ है। खिड़कियों तक नहीं, दरवाजों तक भरा हुआ है और लोग गांवों से निकल कर अलग–अलग सरकियों में पनाह लिए हुए हैं। उसके लिए एक इलाज तो मुस्तकिल है जैसे कि कल हमारे चीफ मिनिस्टर साहब की तकरीर में आया। उन्होंने फरमाया था कि कुल 22 करोड़ रुपये की लागत से एक उजीना डाइव र्न ड्रेन तैयार की जाएगी। तो मेरी उसके बारे मैं यह तजवीज है कि उजीना डाइव र्न ड्रेन कम से कम आउटफाल एरिया में पांच हजार क्यूसिक्स की हो और जहां से भ्रारू होती है। उस एरिया में यह कम से कम चार हजार या साढ़े चार हजार क्यूसिक्स की हो। जो पहले कभी इन्टर स्टेट एग्रीमैंट हुआ था, उसके भरोसे पर उजीना के मुकाम पर एक उजीना रैगुलेटर के नाम से एक रैगुलेटर बनाया गया। रैगुलेटर तो उन स्कीमों के तहत बनाया गया था लेकिन इस साल तो वह हमारे तममा इलाके के लिए एक फांसी का फंदा साबित हुआ और लोगों के गले में यह फांसी लग गई। भाई संत कंवर ने तो कहा कि अगले साल धांसा बांध को तोड़ेंगे, लेकिन हमें तो डूबते हुओं को वह इस साल की तोड़ देना पड़ा। तो मेरी यह भी दरख्वास्त है कि उजीना रैगुलेटर को उखाड़कर हमे ाा के

लिए खत्म कर दिया जाए, ताकि हमारे पर सैन्टर के दबाव से या दूसरी स्टेट्स के दबाव से यह फांसी हर साल फिट न हो और इस ड्रेन पर जो काम है वह इसी साल भुरू कर दिया जाए ताकि इस साल का पानी भी जो कि 6 महीने इसलिए लगेंगे क्योंकि यह चार सौ क्यूसिक ही पानी लेता है। दूसरी ड्रेन जो उजीना डाइव र्न के नाम से भुरू करने वाले हैं अगर उसके पायलट चैनल का काम अभी से भुरू करवा दिया जाए और कुछ थोड़ी कैपेसिटी की वह बनाकर अगले साल तक चालू करवा दी जाये तो हो सकता है कि हमारा इलाका अगले साल इसकी ज़द से बच जाए। आज वहां जो मौजूदा पोज़ी ान है, रा ान और रिलीफ जिस तरह से दिया जा रहा है। गवर्नमैंट ने रा ान दिया है, रिलीफ दिया है लेकिन जिस किसान का और जिस इलाके के आदमी का चार सौ क्विंटल गल्ला जाया हुआ हो तो उसको चार सौ ग्राम देकर तसल्ली नहीं हो सकती है, यह कोई उसका इलाज नहीं है। लेकिन गवर्नमैंट ने मुसीबत में जितना भी किया है, उसके लिए मैं उसका भुक्रिया अदा करता हूं। इसका असली इलाज तब होगा जब हमारे इलाके से इस फ्लड का खात्मा किया जाएगा। सारी नूंह तहसील में मुझे पता चला है कि इन्होंने दौ सौ क्विंटल के करीब भेजा है। तो अगर इतना थोड़ा बीज हो तो जिस तरह मिस्टर जगजीत सिंह पोहलू अपनी स्पीच में कह रहे थे कि 20–30 किलो अगर गांव के नाम में आए या एक गांव में एक क्विंटल अनाज पहुंचे तो बताइए कि वह गांव को कितनी जमीन में डाला जाएगा। एक एकड़, दो एकड़ था अढ़ाई एकड़ से फालतू जमीन में

एक क्विंटल बीज से बीजाई नहीं हो सकती। गेहूं का भी यही हिसाब है। इसलिए गवर्नमैंट जितना भी ज्यादा से ज्यादा बीज का इंतजाम कर सके उसे जल्द वहां पहुंचाए ताकि लोगों को बीज के सिलसिले में राहत मिल जाए। जिन गांवों में जितना भी रा ान वगैरह का प्रोग्राम चल रहा है। वहां लोगों के सामने एक बड़ी टैक्नीकल डिफिकल्टी आ रही है जिसकी डैफिने ान मैंने यह दी हुई है कि अगर गांव चारों तरफ से घिर जाए, तो मैरून डिक्लेयर किया जाता है। डिप्टी स्पीकर साहब, आपने वह इलाका देखा है और आपको पता भी है। रिवासन गांव को आप देखिए। सड़क उसके साथ से गुजरती है तो सड़क गांव के बीच में से गुजरने के कारण चारों तरफ से पानी से नहीं घिर सकती, सड़क खाली रह जाती है। घासेड़ा गांव में इसी तरह से सड़क खाली रह जाती है, मालब गांव में भी इसी तरह से सड़क खाली रह जाती है, लेकिन रकबा उनका एक इंच भी नहीं बचता इस वजह से वह मैरून की डैफिने ान में नहीं आते। उनके लिए राहत का जो भी काम है वह पहुंचाया जाए। तो सरकार से मेरी यह भी दर्खास्त है कि मैरून की डैफिने ान को इस तरह से एक्सटैंड किया जाये कि अगर एक सड़क की वजह से कोई गांव चारों तरफ से न घिर सके और जमीन उसकी पानी से न बचे, तो उनको भी मैरून की डैफिने ान में लिया जाए, ताकि उनको भी पूरी राहत मिल सके। मैं बहुत सी बातें कहना चाहता था, लेकिन आप बार बार मेरी और देख रहे हैं इसलिए आपका लिहाज करते हुए मैं आपसे इजाजत लेता हूं।

श्रीमती भाान्ति देवी (कलियाना) : उपाध्यक्ष महोदय, काफी देर से फ्लड के मसले पर बहस हो रही है। जैसा कि यहां चर्चा चलती रही कि 104 सालों से ऐसी कोई मिसाल हरियाणा में नहीं मिलती कि इतनी बाढ़ पहले कभी आई हो, लेकिन इसके लिए मैं अपने मुख्य मंत्री को, मन्त्रीगण को और अपने नव निर्वाचित साथियों को बधाई देती हूं कि इन्होंने किस निपुणता से गांव–गांव में जाकर, गहरे पानी में घुस कर गरीब जनता को राहत दी है। बाढ़ पीड़ितों को अनेक प्रकार की मदद दी गई, वस्त्र दिए गए, पैसे दिये गये खाने पीने का सामान, भोजन इत्यादि दिया गया, इसके लिए सरकार बधाई की पात्र है, इसमें कोई दो राय नहीं है। हमारे विपक्ष के भाई कांग्रेस पार्टी के सदस्य चौधरी भाम ेर सिंह जी ने इस बात को सच्चाई के साथ स्वीकारा है कि देहात के अन्दर सहायता कार्य जो हुआ है, उसकी मिसाल कायम कर दी। यह प्रमाणित कर दिया कि मुख्य मंत्री महोदय के दिल में किसानों के प्रति गरीबों के प्रति कितना दर्द है। लेकिन इसके साथ ही साथ मेरे मन में एक आ ांका है। मैं नहीं चाहती कि यह बाढ़ समस्या, जो इतना प्रबल रूप धारण किए हुए है, अनेकों वर्शों से कांग्रेस सरकार ने किस तरह इग्नोर किया है, क्यों नहीं इस ओर ध्यान दिया गया। इस गरीब किसान मजदूर की मजबूरियों को क्यों नहीं देखा गया। मैं सरकार से स्पश्ट रूप से कह देना चाहती हूं कि सड़के बनें या न बनें, कोई अन्य कार्य हो या न हो, स्कूल अपग्रेड हों या न हों, लेकिन जैसा कि इन्होंने आ वासन दिया है कि आने वाले वर्श में हरियाणा के अन्दर बाढ़ नहीं आएगी। तो मैं

चाहूंगी कि इस समस्या की ओर पूरी गम्भीरता के साथ विचार किया जाए। आ वासन देना और कोई बात कह देना बड़ा आसान होता है। इसका सर्वेक्षण करवा कर, आफिसरों को हिदायतें देकर सरकार को इस ओर कड़े कदम उठाने होंगे। जिस तरह से पिछली कांग्रेस सरकार करवाती रही, सर्वेक्षण गलत करवाती रही, योजनाएं गलत बनाई गई, कहीं यहां भी इन गलतियों की पुनरावृत्ति न हो जाए, और अगले साल फिर हमें यह दिन देखने न पड़ें। इसलिए मैं मंत्री महोदय से कहना चाहती हूं कि आने वाले वर्श में यह नाटक दोबारा न देखना पड़े।

कंवर राम पाल सिंह (घरौंडा) : उपाध्यक्ष महोदय, फ्लड के ऊपर सदन में रैजोल्यू ान आया है और हाउस में बहुत देर से चर्चा हो रही है। सबसे पहले मैं जनता सरकार को बधाई दूंगा जिन्होंने बड़े अच्छे ढंग से बाढ़ पीड़ितों की सहायता की। इसके बाद मैं तमाम विधायकों को बधाई दूंगा जो जहां–जहां भी थे, बड़ी तेजी के साथ बाढ़ ग्रस्त लोगों को सुविधा देने में सहायता की। फ्लड का कारण क्या था, क्या इसको रोकने के लिए स्कीमें नहीं बनीं थीं या जो स्कीमें बनाई गई थीं उन पर अमल नहीं किया था। कोई काम नहीं हुआ था ? मैं कांग्रेस सरकार से पूछना चाहता हूं, जैसा मुझे पता लगा है कि ड्रेन्ज़ निकालने के लिए अफसरों ने स्कीमें बनाई थीं, लेकिन पैसा उन पर खर्च नहीं किया और कांग्रेस सरकार ने इस पैसे को काम्पलैक्स बनाने के लिए खर्च किया है और जगह–जगह एक–एक सफेद हाथी खड़ा कर

दिया। अगर यही पैसा ड्रेन्ज़ पर खर्च किया जाता तो हरियाणा की इस बुरी तरह से तबाही न होती। मैं, डिप्टी स्पीकर साहब, आपके द्वारा सरकार से दो तीन बातें कहना चाहता हूं और सरकार के नोटिस में लाना चाहता हूं। बड़ी खु ाी की बात है कि मुख्य मंत्री जी ने कल एक ब्यान दिया था जिसमें बताया कि पानी से काफी एदिया खाली हो गया है, फसल बीजने के लिए ट्रैक्टर वगैरह का प्रबन्ध्ा किया गया है, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। लेकिन मेरे यहां तो खास कर जमुना नदी का समस्या है। इसका बहाव पूरी तरह हरियाणा की तरफ आ गया है,क्येांकि यू0 पी0 गवर्नमैंट ने सारी जमुना नदी पर स्पर लगा दिए हैं, जिसकी वजह से पानी का बहाव हरियाणा की तरफ हो गया है। पानी को जहां कच्ची जगह मिलती है, उसकी तफर आया करता है। जमना के ऊपर बरसात से पहले सरकार ने स्पर नहीं लगाए। उजीना ड्रेन की तरह हो सकता है जमना का प्रकोप हरियाणा के ऊपर आ जाए। मैंने देखा है और मैं अपने जिले के कुछ अफसरों को साथ लेकर गया था और उनको दिखाया था कि 3 एकड़ जमीन बीच में आती है पुरानी जमुना और आज की जमुना के बहाव के बीच में 3 एकड़ जमीन का कटाव बाकी है। जैसे भ्ारू में बाढ़ आई थी, अगर ऐसी बाढ़ आ जाए, तो हो सकता है कि जमना का बहाव बदलने से पहले ही इसका फौरी तौर पर प्रबन्ध किया जाए। अगर बहाव बदल गया तो हो सकता है रास्ता खुल मसंद जिसके नाम से यह हल्का म ाहूर है, इसके कस्बे में इतनी बुरी हालत है कि तमाम मकान और दुकानें पानी के अन्दर हैं। अगर वहां फौरन ड्रेन न निकाली गई,

तो आज वहां हाल है, इससे भी बुरी हालत हो जाएगी। यहां का काफी रकबा पानी के नीचे है। लोगों के पास पंपिंग सैट्स भी नहीं है। अगर इस पानी को जल्दी से जल्दी न निकाला गया तो यह रकबा ज़ेरे का त आना बड़ा मु कल हो जाएगा। स्वामी अग्निवे ा जी के हल्के के कुछ आदमी आए थे, वे कह रहे थे कि वहां 500 एकड़ भूमि में पानी भर गया है। इसको काटने का रास्ता भी नहीं है, पंपिंग सैट्स भी नहीं मिलते। मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि वहां पर पंपिंग सैट्स भिजवाए जाएं और पानी निकलवाया जाये। जो फसलें पानी के अन्दर खड़ी हैं, धान वगैरा, वे काबू आ सकें और दूसरी बीजाई हो सके। दूसरी सुजै ान यह है कि दो तीन दिनों के लिए नहर बन्द करके और पानी काट करके सारा फ्लड का पानी निकल सकता है और लोगों को राहत मिल सकती है।

मास्टर ि ाव प्र ाद (अम्बाला सिटी) : डिप्टी स्पीकर साहब, पिछले दिनों में हरियाणा में जो बाढ़ आई है इससे 80–90 करोड़ रुपए का नुक्सान हुआ है और सरकार मे दिमाग में यह प्र ान था कि किस तरह से इस समस्या को हल करें। बड़े पैमोने पर बाढ़ आई। हरियाणा के और भी बहुत सारे ऐसे स्थान हैं, जहां थोड़े–थोड़े इलाके में 10, 20 या 50 गांवों में बाढ़ आती है और घरों को बहाकर ले जाती है। जहां मनुश्यों और प ाुओं का जानी तथा माली नुक्सान होता है। अम्बाला जिले के बारे में चौधरी रिज़क राम ने बताया कि मारकंडा और टांगरी नदियां बड़ा

नुक्सान करती हैं। अम्बाला में तीन समस्याएं हैं – मारकंडा, टांगरी द्वारा नुक्सान, पीने का पानी और सिंचाई के साधनों की कमी; अम्बाला में पीने का पानी नहीं मिलता लेकिन दूसरी तरफ बाढ़ के दिनों में ये नदियां गांवों में मकानों को नुक्सान पहुंचाती हैं और लोगों और प ाुओं को बहा कर ले जाती हैं। जहां से पानी जाता है, वहां की जमनी प्यासी रह जाती है, इसलिए सरकार द्वारा इन नदियों पर छोटे–छोटें बांध लगा कर पानी को रोक लिया जाए और इस पानी को सिंचाई के लिए इस्तेमाल किया जाय। इससे जमीन की पानी की प्यास भी बुझ जाएगी, बाढ़ से बचाव भी हो जाएगा और लोगों को पीने का भी पानी मिल जाएगा।

चौधरी लाल सिंह (नारायणगढ़) : डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से इस सदन को बताना चाहता हूं कि इसमें कोई भाक नहीं कि चौधरी देवी लाल की सरकार ने बाढ़ वाले क्षेत्रों में इतना ज्यादा काम किया है जिसकी तारफी मैं कर नहीं सकता। आज तो अपोजी ान वाले भी तारीफ कर रहे हैं, जिन्होंने किसी चीफ मिनिस्टर की तारीफ नहीं की थी। इन्होंने रात दिन फिर कर काम किया है। लेकिन एक बात मैं सरकार को बताना चाहता हूं। हमारी नारायणगढ़ तहसील में से बहुत सी नदियां गुजरती हैं। वे गांव को रातों रात गिरा जाती हैं। वे लोगों के खेतों को और घरों को भी नुक्सान पहुंचाती हैं। पिछले दिनों फाइनैंि ायल कमि नर साहब ने जिनका मैं नाम नहीं लेना

चाहता, क्योंकि ऐसा विधान में नहीं है, इमीजिएटली वायरलैस के जरिरु मेरे साथ एस0डी0एम0 को भेजा, अफसरों ने मुआयना किया और सारे एस्टीमेट्स बनाए गए, लेकिन मैं मिनिस्टर साहब से प्रार्थना करता हूं कि बहुत मेहरबानी होगी, कृपा होगी यदि वहां पर स्पर लगा दिए जाएं। ऐसा करने से वहां के गांव गिरने से बच जाएंगे। वहां एक गांव बादवाली है। वहां राजपूत फौजी कुछ थे, वे रहते हैं। यह तबाह हो गया है। सारे का सारा नदी ने खत्म कर दिया है। तीन दफा वहां कमि नर साहब और डी0सी0 साहब गए। मैं अर्ज़ करूंगा कि यहां स्पर लगाये जाएं ताकि गांव की जमीन बच जाए। ऐसे और भी 45 गांव हैं। मैं अपने मिनिस्टर साहब से प्रार्थना करूंगा कि नारायणगढ़ तहसील में जिन जगहों के ऐस्टीमेट्स बन गए हैं, वहां जल्दी से जल्दी स्पर लगवाने की कृपा की जाए और जहां स्पर लगे हुए हैं, उनकी मुरम्मत के आर्डर दे दिए जाएं। चौधरी देवी लाल जी, चूंकि गरीबौं के नेता हैं इसलिए मेरी उनसे इस ओर ध्यान देने की हाथ जोड़कर प्रार्थना है।

चौधरी राम कि ान (सफीदों) : उपाध्यक्ष महोदय, सदन के सामने एक बहुत अहम मामला फ्लड के सम्बंध में चला हुआ है। मैं सदन का ज्यादा समय लेना इसलिए उचित नहीं समझता क्योंकि इसके बारे में अपने–अपनें जिले के बारे में सभी मैंबरों ने अपने–अपने विचार रखे हैं। लेकिन भगवान का कुछ ऐसा प्रकोप इस साल हुआ जिससे हरियाणा का एक तिहाई भाग बहुत बुरे

तरीके से फ्लड से अफैक्ट हुआ। मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूं क्योंकि हमारे मुख्य मंत्री जी, इरीगे ान ऐंड पावर मिनिस्टर साहब, बाकी मत्रिगण और बाढ़ पीड़ित इलाके के विधायकों ने खूब काम किया। पहली सरकार ने सिवाय रैस्ट हाउसिज़ खोलने के कोई काम नहीं किया। जिस फ्लड की वजह से हरियाणा का वीकर सैक ान और जमींदार लोग बुरी तरह तबाह होते हैं, उसकी तरफ उसने कोई ध्यान नहीं दिया। यह बड़ी भार्म की बात है। उपाध्यक्ष महोदय, जिला जींद सबसे पिछड़ा हुआ जिला है। खासकर सफीदों, जुलाना और बड़ौदा हल्कों के साथ तो सौतेली मां की तरह व्यवहार होता रहा है। इस इलाके के 65 गांव में से 45 गांव तो कम्पलीटली मैरून्ड हुए पड़े हैं। 29 गांव में करीब अढ़ाई फुट पानी खड़ा है। इसी तरह 9376 एकड़ भूमि में अढ़ाई फुट पानी खड़ा है जिसकी वजह से किसान खेतों में बिजाई नहीं कर सकता। इसलिए मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि सफीदों में जल्दी से जल्दी पानी निकालने का प्रबन्ध करें ताकि गरीब किसान अपनी फसल बो सके। सावनी की फसल तो वैसे बरबाद हो गई और यदि रबी की फसल भी बरबाद हो गई तो बेचारा किसान कहीं का नहीं रहेगा। मैं सरकार का वैसे बड़ा म कूर हूं क्योंकि अब की दफा इसने जिला जींद में कलायत और सफीदों के हल्के के अन्दर काफी सहूलियतें मुहैया की हैं। इसके बावजूद भी मेरी सरकार से प्रार्थना है कि उस इलाके की यह मांग है कि यदि उस इलाके में तमाम का तमाम मालिया माफ कर दिया जारु तो वह इलाका सरकार का बहुत आभारी होगा। आगे के लिए मेरी सरकार

से यह प्रार्थना है कि चाहे दूसरे कामों में देरी हो जाए मगर बाढ़ की रोकथाम के लिए अभी से प्रबन्ध कर लिए जाएं ताकि यह दिन हरियाणा को फिर न देखने पड़ें। इन भाब्दों के साथ मैं दुबारा जितना इस सरकार ने इस दफा फ्लड अफैक्टिड एरिया में लोगों को रिलीफ पहुंचाने के लिए काम किया है और उनसे हमदर्दी दिखाई है उसकी सराहना करता हूं।

श्री दीप चन्द भाटिया (फरीदाबाद) : डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपकी मारफत सदन के सामने कहना चाहता हूं कि मैं जिला गुड़गांव का रहने वाला हूं। मेरे यहां चीफ मिनिस्टर साहब और बाकी अन्य इलाका देखा। मैं भी उनके साथ था। मैं सरकार से चाहूंगा कि मेवात का इलका चूंकि बहुत अफैक्टिड है इसलिए उसकी ओर खास ध्यान दिया जाय। डिप्टी स्पीकर साहब, जैसा मेरे भाई खुर ाीद ने कहा, मैं भी अपने इलाके के बारे में कहना चाहता हूं। मेरे हलके में 29 गांव हैं। फरीदाबाद टाउन के साथ जो सबसे ज्यादा अमृत देने वाला इलाका है। मेरी कांस्टीच्यूएंसी में 29 गांव हैं। 20 गांव पानी से अफैक्टिड हैं। मैं यह चाहूंगा कि कम से कम मेरे हल्के को जरूर देखा जाय। जहां पर खेतों में पानी पड़ा हुआ है उसका खास ध्यान किया जाये। मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि वहां एक नाला निकलना था। उसकी स्कीम पास है, लेकिन वहां जो एस0डी0एम0 मिस्टर चेटर्जी हैं, उसकी पावन पता नहीं कहां गई, वह नाले की खुदवाई ही नहीं करवा सकता। मेरी प्रार्थना है कि उन सभी अफसरान को उस काम को

करने के लिए हिदायत की जाय। जो अफसर काम करने के योग्य नहीं हैं उनको या तो हटाया जाए या मुअत्तिल किया जाए।

डिप्टी स्पीकर साहब, मैं एक बात इस सदन को बताना चाहता हूं कि पिछली सरकार ने जो नाले बनाए, ड्रेन्ज़ बनाई, उनमें यदि आप सीमेंट देखेंगे, तो सीमेंट नजर नहीं आएगा। पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट के तहत हुडा के अन्दर जिन कान्ट्रैक्टर्ज़ ने काम किया है, उन्होंने बहुत गड़बड़ की है। नालों में आपको सीमेंट नहीं मिलेगा। रोड़ी, चिप्स वगैरह भी आपको कुछ नहीं मिलेगा। अगर इनक्वायरी की जाए तो सारी बात का साफ साफ पता लग जाएगा। इसलिए मैं मिनिस्टर साहब से प्रार्थना करूंगा जैसा कि मैं वरबली भी कर चुका हूं कि इस मामले की जरूर इन्क्वायरी की जाये। कोई इनक्वायरी कमी ान बैठना चाहिए। डिप्टी स्पीकर साहब, आप जानते हैं कि यह दे ा का पैसा है। इसे हम गरीब जनता पर टैक्स लगा करके बड़ी मु कल से इकट्ठा करते हैं। इसका प्रयोग ठीक तरह से होना चाहिए। इतना कहकर आपका धन्यवाद करते हुए मैं अपना स्थान लेता हूं।

चौधरी हर स्वरूप बूरा (महम) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने बोलने के लिए थोड़ा टाईम दिया, इसके लिए आपका बहुत–बहुत धन्यवाद। फ्लड के बारे में चूंकि काफी बातें आ चुकी हैं इसलिए मैं ज्यादा अर्ज़ नहीं करना चाहता लेकिन कुछेक बातें ज़रूर कहना चाहूंगा। हमारे बुजुर्ग सदस्य चौधरी रिज़क राम जी ने कहा कि इस महकमे के लोगों के अन्दर तालमेल नहीं है

जिसकी वजह से फ्लड का कारण बना हुआ है लेकिन इससे ज्यादा मैं एक और कारण समझता हूं। पानी का नैचुरल बहाव होता है। जिन लोगों के खेत उस बहाव में आते हैं वे एम0एल0ए0 की सहायता लेते हैं, जो गलत बात है। इस बात की ओर मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं और सुझाव देता हूं कि अथॉरिटीज़ को स्वतन्त्रत ढंग से काम करने दिया जाए। जो नैचुरल फ्लो है अगर उसको देखकर पानी को ड्रेन आउट करने में मदद की जाय तो बहुत अच्छी बात होगी। यह निहायत ही ज़रूरी बात है। इसमें अगर हम इमदाद करेंगे, तो मैं समझता हूं कि फ्लड रिलीफ के काम में हम बहुत बड़ा योगदान करेंगे। मेरे हलके में क्योंकि बाढ़ का ज्यादा कोप नहीं है इसलिए मैं ज्यादा न कहते हुए सिर्फ एक प्रार्थना सरकार से करना चाहता हूं मेरे हल्के में एक बड़ी नहर है लेकिन वह कच्ची है अगर उसे पक्का कर दिया जाये तो सीपेज की वजह से जो फ्लड की सिंचुए ान बनी हुई है वह दूर हो सकती है। धन्यवाद!

स्वामी आदित्यवे ा (हथीन) : डिप्टी स्पीकर साहब, आपने जो समय दिया इस के लिए मैं आपका आभारी हूं लेकिन मुझे दु:ख है कि हमारे गुड़गांव की तरफ ज्यादा ध्यान नहीं हुआ है। मेरी सीट भी कोने पर लगी हुई है। मुझे समय भी आखरी में दिया गया है। (विघ्न) मैं आपका ध्यान दो तीन बातों की ओंर आकर्शित करना चाहूंगा।

ध्यानाकर्शण प्रस्ताव पर बोलते हुए मुख्यमंत्री जी ने बहुत अहम घोशणा की है। उन्होंने यहां कहा है कि मेवात के इलाके को बचाने के लिए 22 करोड़ रुपया खर्च करेंगे। मैं इस विशय में सरकार से यह निवेदन करूंगा कि इस रुपए से जो भी ड्रेनें खोदी जाएं, वे हरियाणा की सीमा में से ही खोदी जाएं। राजस्थान और उत्तर प्रदे ा की जमीन में से नहीं। अगर वहां से खोदने का सिलसिला बन गया तो वहां की जमीन को इक्वायर करना, एक और समस्या बन जाएगी। इसलिए ये ड्रेनें हरियाणा की सीमा में से ही खोदी जाएं। इसमें कोई भाक नहीं है कि फ्लड के टाईम पर सरकार ने जो सहायता की वह सराहनीय है परन्तु मेरा निवेदन है कि वे इस इलाके की ओर भविश्य में भी ध्यान रखेंगे। सरकार की ओर से अब जो वर्तमान में रा ान दिया जा रहा है वह पर्याप्त नहीं है। आजकल चार सौ ग्राम आटा दिया जा रहा है, वह केवल 56 पैसे का होता हैं इसका मतलब यह हुआ कि 28 पैसे पर डाइट खर्च किया गया। 28 पैसे डाइट में आजकल के समय में कैसे गुजारा किया जा सकता है ? मैं आपके थरू सरकार के सम्मूख एक तजवीज़ रखना चाहता हूं, अगर इस हिसाब से उन लोगों को रा ान दिया जाए तो अच्छा होगा और उनका गुजारा भी ठीक प्रकार से चल सकेगा। उन लोगों को आटा 500 ग्राम, चावल 150 ग्राम, दाल 100 ग्राम, मसाला 50 ग्राम, गुड सौ ग्राम और अढ़ाई किलो लकड़ी दिया जाना चाहिए। मेवात के गांवों का अब भी कितना ही ऐसा एरिया है जहां पर बीजाई नहीं की जा

सकती है। जहां पर ऐसी स्थिति है वहां पर रा ान की परमानैन्ट व्यवस्था की जाये, तो बेहतर रहेगा।

बाढ़ के कारण से वहां पर काफी बीमारियां भी फैली हैं। मेवात के क्षेत्र में मलेरिया का भी भयंकर प्रकोप हुआ है। वहां पर मलेरिया से करीब 500 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, और अन्य बीमारियों से भी लोग करे हैं, उनकी तादाद 3000 हजार है। इसके साथ ही मैं यह भी अर्ज़ करना चाहूंगा कि सरकार की ओर से दवाईयां तो दी गई परन्तु उनका प्रॉपर डिस्ट्रीब्यू ान नहीं हुआ। मेरे पास लिस्ट मौजूद है प्राइमरी हैल्थ सैन्टर औरंगाबाद से पांच हजार 600 टेबलैट्स की स्मलिंग हुई। औरंगाबाद हैल्थ सैन्टर की ये पोज़ी ान है। जनता सरकार तो लोगौं तक दवाईयां पहुंचाने का प्रयास कर रही है लेकिन जो बीच में डिस्ट्रिब्यू ान करने वाले हैं वे सही जगह पहुंचने नहीं देते हैं। इसलिए सरकार को दवाईयों के डिस्ट्रिब्यू ान की ओंर अव य ध्यान देना चाहिए और जो उन लोगों को सरकार की ओर से इमदाद मिल रही है वह सही ढंग से मिलनी चाहिए।

श्री उपाध्यक्ष : स्वामी जी आपने काल अटैं ान नोटिस दिया था, उसमें ये सभी बातें आ गई हैं और चीफ मिनिस्टर साहब ने भी बड़े विस्तार से उत्तर दिया है।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह) : उपाध्यक्ष महोदय, कल हमारे आदरणीय मुख्य मंत्री चौधरी देवी लाल जी ने

स्वामी अदित्यवे ा की काल–अटैं ान मो ान पर वक्तव्य दिया था और वह काफी तफसील के साथ दिया था। उन्होंने कल यहां यह बता दिया था कि हरियाणा में फ्लड क्यों आया। उन्होंने यह भी बता दिया था कि फ्लड ने हरियाणा को कितना बरबाद किया ? आदरणीय चौधरी साहब ने यह भी बता दिया था कि इस फ्लड से हरियाणा की जनता को कितना जानी या माली नुक्सान सहना पड़ा है। यह बात भी यहां बताई गई कि सरकार ने इस फ्लड के आने पर क्या–क्या किया और कितना रिलीफ का काम किया और हरियाणा में फ्लड की तबाही के असर को दूर करने के लिए कितने एफर्ट की जरूरत है, कितना पैसा दरकार होगा, कितना पैसा मर्कजी सरकार से ले सकेंगे, यह सब तफसील में वक्तव्य चीफ मिनिस्टर साहब ने दिया। आज यहां हाउस में एक रैजोल्यू ान मूव हुआ है जिस पर मैंबर साहेबान ने भी अपने विचार रखें। मैंबर साहेबान ने जो विचार यहां रखे, उनके बारे में कुछ अर्ज़ करना चाहूंगा।

बड़ी बदकिस्मती की बात है कि हमारे से पहले वाली सरकार ने जितना भी रुपया यहां उपलब्ध किया था वह बाढ़ की समस्या या हरियाणा की तरक्की या बहबूदी पर खर्च नहीं किया, ऐसी ऐ ागाहों के बनाने पर खर्च किया गया, जैसे भिवानी की ऐ ा गाह, सोहना की ऐ ागाह और भी ऐसे–ऐसे रैस्ट हाउसिज़ हैं, जिनमैं 17–17 कमरों के सूट्स हैं और सतरह–सतरह लाख रुपए की लागत से बने हुए हैं। कितना अच्छा होता अगर पिछली

सरकार जैसा कि हमारे बुजुर्ग सदस्या चौधरी रिज़क राम जी ने सदन को बताया कि नार्दन जोन में कभी वैट साइकिल और कभी ड्राई साइकिल आते हैं। हर आठ–दस साल बाद साइकिल बदलते रहे हैं। जब ये पता था कि हर आठ–दस साल के बाद बाढ़ की समस्या आ सकती है, तो पहली सरकार ने क्यों नहीं प्रबन्ध किया ? चौधरी भाम ोर सिंह जी यहां से उठ कर चले गए, वरना मैं उनसे पूछता कि उस टाईम पर बाढ़ को रोकने का क्यों नहीं इन्तमाज किया गया ? क्या आव यकता थी ऐसा फर्नीचर उन रैस्ट हाउसिज़ के लिए खरीदने की जिस पर आम आदमी को बैठते हुए भी डर लगता है, लेकिन उन लोगौं के तो भौक ही और थे ? वे लोग तो एय्या ी और अपने को खु ाहाल व अमीर बनाने के लिए आए थे ?

उस हुकूमत के प चात् जनता पार्टी की हुकूमत आई। 21 जून को जनता पार्टी ने भापथ ग्रहण की, मुझे याद है कि उसी दिन से बून्दा बांदी भुरू हो चुकी थी यानि कहने का मतलब यह है कि जिस दिन से जनता पार्टी की सरकार बनी उसी दिन से बारि ा भुरू हुई। उस बारि ा से हरियाणा का एक तिहाई हिस्सा फ्लड की लपेट में आ गया। हम लोग हरियाणा के बाढ़ के मसले को नै ानल लेवल पर ले गए। आदरणीय प्रधान मन्त्री मोरार जी देसाई हरियाणा के फ्लड अफैक्टिड एरिया को देखने के लिए आए, गुह मन्त्री चौधरी चरण सिंह भी इस एरिया में दौरा करके गए और सरदार सुरजीत सिंह बरनाला ने भी दौरा किया,

इन सभी लोगौं की तवज्जों हरियाणा में बरबादी हुई है, नुक्सान हुआ है, उस ओर दिलाई गई। हरियाणा में फ्लड को रोकने के लिए पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और यू0 पी0 के लिए ब्रॉडर प्लान बने, यानी सब स्टेट्स के लिए एक प्लान बने जो कि बहुत ही निहायत जरूरी है। हमें इस किस्म के छोटे विचार नहीं रखने चाहिए, कि वे अलग स्टेट हैं, हमारा उनसे कोई सम्बन्ध नहीं है। हमें यह सोचना होगा कि राजस्थान में हमारे अपने भाई हैं, क्या राजस्थान में कोई विदे ाी सरकार है, क्या वह कोई विदे ाी स्टेट है ? हमें अब इस भावना से चलना होगा कि चाहे राजस्थान हो, चाहे पंजाब हो, चाहे दिल्ली हो और चाहे उत्तर प्रदे ा हो, सब एक हैं। ऐसा हल सोचना है कि सभी स्टेटौं की समस्याओं का समाधान हो सके, ऐसा प्लान बनाना होगा। हमें भावावे ा में आकर ऐसी बातें नहीं करनी चाहिए। चौधरी भाम ोर सिंह जी फरमा रहे थे कि धांसा बांध तबाही लाया है उसके लिए दिल्ली की सरकार जिम्मेदार है और धांसा बांध के गेट इसलिए खोले गए कि चौधरी रणबीर सिंह जी उस बांध पर पहुंचे। चौधरी भाम ोर सिंह जी तो बड़े सभ्य और सुलझे हुए आदमी होते थे, लेकिन जब से कांग्रेस में आए हैं, तब से अजीब सी बातें करने लग गए हैं। मुझे तो उनकी बातें सुनकर अचम्भा होता है कि हजारों वर्कर्ज़ कांग्रेस के वहां पर गए।

तभी किसी भाई ने बताया था कि दो व्यक्ति बहादुरगढ़ गए धांसा बांध तक वह भी नहीं पहुंच सके। उनमें एक तो चौधरी

रणबीर सिंह थे और दूसरे थे श्री हरि सिंह जी जो कोई प्रोफैसर थे। चौधरी रणबीर सिंह ने पब्लिसिटी गेन करने के लिए प्रैस के द्वारा यह ब्यान भी दिया था कि मैं भूख हड़ताल भी करूंगा। न तो वह भूख हड़ताल ही हुई और न उसके बाद उसका जिक्र ही आया। चौधरी रणबीर सिंह का किस्सा तो यह है। इस बारे में दिल्ली की सरकार ने ड्रेनेज के सिलसिले में फ्लड वाटर की निकासी के सिलसिले में जितना सहयोग दिया, वह सराहनीय है। इसके लिए मैं दिल्ली की सरकार को मुबारिकबाद देता हूं। ––– (थम्पिंग) ––– कुछ सदस्यगणों ने कई बातें उठायीं। उन्होंने अपने–अपने इलाकों की अपनी अपनी समस्याएं सरकार के सामने रखीं हैं। मैं सारे सदस्यों को यह वि वाय दिलाना चाहता हूं कि इस मसले को हल करने के लिए जनता पार्टी की सरकार ने यह तहैया कर लिया है कि इस मसले को हरियाणा लेवल पर ही तय किया जाएगा, ऐज़ ए होल तया किया जाएगा। किसी भी इलाके में जहां पर बाढ़ आती है, या फ्लड आता है, को छोड़ा नहीं जाएगा। इन सारे इलाकों को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार की यह मन ाा है कि इस मसले को हल किया जाए। कुछ और माननीय सदस्यों ने भी यहां पर अपने विचार रखें। वहां पर चौधरी भाम ोर सिंह जी ने कहा कि उनके इलाके में फ्लड वाटर की निकासी के काम के लिए अफसरान ने कोई ध्यान नहीं दिया। बड़े अफसोस की बात है। वह उठकर चले गए। मैं दो तीन बार नरवाना हल्के का दौरा कर चुका हूं। चौधरी भाम ोर सिंह जी मेरे साथ थे। उन्होंने यह इल्जाम भी लगाया कि अफसरों ने वह

काम भी नहीं किया जो कांग्रेस के जमाने में किया करते थे। मैं आपके जरिए हाउस को यह बता देना चाहता हूं कि चौधरी भाम ेर सिंह जी मेरे सथ थे। वे फ्लड एडवाइज़री कमेटी के मैंबर भी हैं। हम जगह–जगह लोगों के पास जाते थे। उनसे यह पूछते थे कि सरकार की तरफ से किसी काम में कोई कमी है, या किसी अफसर ने कोई काम करने में कमी दिखाई हो, तो आप बताएं। चौधरी भाम ेर सिंह जी के रूबरू वे लोग यह कहते थे कि इस बार सरकार ने और सरकारी अफसरान ने जितना काम किया है, उतना पहले कभी काम नहीं हुआ। इनके सामने लोगों ने यह बातें कही हैं। चौधरी भाम ेर सिंह जी से जब मैंने कहा कि आप भी कोई सुजै ान दो कि क्या सरकार के काम में कोई कमी है तो चौधरी भाम ेर सिंह जी ने कहा कि मेरे ख्याल में कोई कमी नहीं है। उन्होंने यहां पर यह भी कहा कि अफसरान ने काम नहीं किया। मैं हाउस की इन्फर्मे ान के लिए बता देना चाहता हूं कि हमारे फाइनै ियल कमि नर श्री कैपरिहन साहब के बारे में खुद मुझे लोगों ने बताया कि वे भी निकर और कमीज पहने 4–4 फुट पानी में खड़े रहे। मैं पिछले दिनों मेवात के इलाके में श्री भाकरूल्लाह और चौधरी सरदार खां साहब के साथ दौरे पर गया। वे भी इस बस बार के गवाह हैं कि वहां पर सारे अफसर यानी एस0डी0ओ0, बी0डी0ओ0 वगैरह वहां पर मौजूद थे। आप इस बारे में श्री भाकरूल्लाह साहब से पूछ सकते हैं क्योंकि चौधरी सरदार खां तो मेरी पार्टी से ताल्लुक रखते हैं। श्री भाकरूल्लाह साहब इस बात के गवाह हैं और आप उनसे पूछ सकते हैं कि उन्होंने

भी अफसरान के काम में कोई कमी नहीं देखी। इसके लिए मैं अपने अफसरान का अपनी पार्टी की तरफ से म ाकूर हूं। नरवाने हलके से जहां का चौधरी भाम ेर सिंह जी जिक्र कर रहे थे, नारायणा, कैथल, उझाना इन जगहों का पानी निकाल दिया गया है। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हम वहां पर रबी की फसल जरूर का त करवा देंगे। वहां पर बाढ़ का पानी नहीं छोड़ेंगे, यह मैं हाउस को अ योरैंस देना चाहता हूं। एक बात और मैं आपके माध्यम से इस सदन में कहना चाहता हूं कि यहां पर इस इलाके के लिए जिस इलाके से चौधरी भाम ेर सिंह जी ताल्लुक रखते हैं और हमारे एक मन्त्री महोदय चौधरी प्रीत सिंह राठी भी वहां से ताल्लुक रखते हैं। हमने एक पुण्ड्री ड्रेन बनाने की स्कीम बनाई है, जिसके बाद उस इलाके में बाढ़ का प्रकोप बिल्कुल नहीं रहेगा। झज्जर एरिया के लिए कैप्टन मांगे राम ने कहा। इसमें कोई भाक नहीं है कि झज्जर एरिया में काफी भारी बाढ़ थी, वहां पर बाढ़ का काफी प्रकोप था, लेकिन उसमें भी मैं इस सदन के माध्यम से उनको यह यकीन दिलाना चाहता हूं कि नवम्बर के मिडल तक वहां से भी पानी निकाल दिया जायेगा। और लोगों की रबी की का त ज़रूर करवा दी जाएगी। असन्ध टाउन के लिए रामपाल सिंह जी ने कहा क्योंकि मास्टर जोगी राम जी बीमार थे। वे मेरे पास भी आए थे, वे बोल नहीं पाए। उनके लिए मैं सरकार की तरफ से एक बात का यकीन दिलाना चाहता हूं। उस इलाके के लिए भी एक ड्रेन प्रोपोज़ की जा रही है जिससे कुदरती तौर पर बहाक के साथ ही वहां का सारा पानी निकल जाएगा और आगे

को भाहर की ऐसी हालत भी नहीं होगी जो इस बार हुई है। तो यह थोड़ी सी बातें मैं आपसे अर्ज़ करना चाहता था, मैं आपके ध्यान में यह भी लाना चाहता हूं कि इस मसले को हल करने के लिए हरियाणा सरकार टाप प्रायरिटी देना चाहती है। हमारे 5–6 स्टेट के मुख्य मन्त्री की एक कान्फ्रैंस प्राइम मिनिस्टर की सदारत में हो चुकी है। मैं चौधरी देवी लाल की सरकार की तरफ से इस सदन के मैंम्बरान को यह वि वास दिलाना चाहता हूं कि हम फ्लड के मसले को टाप प्रॉयरिटी पर रखेंगे। मैं यह भी यकीन दिलाऊं कि जितना हो सकेगा, इस बात का बन्दोबस्त किया जाएगा कि अगले साल अगर यह स्कीमें जैसे हमने बनाई हैं, परमात्मा ने चाहा कामयाब हो गयीं, तो जितना प्रकोप इस बार हुआ है, उससे 90 फीसदी कम हो जाएगा। अगर यही हालत रही, तो अब के मुकाबले में 10 फीसदी की बाढ़ का प्रकोप रह जाएगा। इसके बाद स्वामी आदित्यवे ा ने हाउस में यह कहा कि 3000 लोग बीमारी से मर गए। यह फिगर उन्होंने आज दीः लेकिन जो फिगर उन्होंने अपने काल–अटैं ान मो ान में दी थी, उसें उन्होंने 5,000 कहा था। तो 5000 से अब वे 3000 पर आ गए। इस बात का जवाब कल ही मुख्य मंत्री महोदय ने दे दिया था। ––– (व्यवधान) ––– ऐसी कोई बात नहीं है। इनके पास गलत फिग्र्ज़ हैं। जो मुख्य मन्त्री जी ने कल ब्यान दिया कि सिर्फ 54 व्यक्ति मरे हैं और वे भी घरों के गिरने से मरे हैं, कोई मलेरिया से या कोई कौलरा से नहीं मरा। इन बीमारियों से कोई व्यक्ति मरा हो, ऐसी इनफर्मे ान सरकार के पास नहीं है। तो फ्लड के

बारे में सरकार क्या करने जा रही है, इसको मैं दोहराने की आव यकता नहीं समझता क्योंकि उन सारी बातों को दोहराना तो रैपीटी ान ही होगा। कल इस बारे में तफसील के साथ एक मुकम्म्ल स्टेटमैंट मुख्य मन्त्री जी दे चुके हैं। एक बात उन्होंने कही कि जो खाना उन्हें दिया जाता है उसका रा ान बड़ा कम दिया जाता है। उन्होंने यह कहा कि 400 ग्राम गेहूं का रा ान थोड़ा है। मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि हमें तो जेलों में 350 ग्राम मिलता था और वह भी बच जाता था। मैं उन्हें यह बताना चाहता हूं कि सरकार उन्हें 400 ग्राम गेहूं का रा ान देती है, तो इसके साथ ही 100 ग्राम दाल भी तो सरकार देती है तो इस प्रकार 500 ग्राम रा ान हो जाता है। मैं उन्हें यह यकीन दिलाना चाहता हूं कि यदि कोई व्यक्ति 100 ग्राम अपनी दाल न लेकर उसके बदले में गेहूं का रा ान लेना चाहे, तो उसको 500 ग्राम रा ान गेहूं का भी हम पूरा कर सकते हैं।

मैं यकीन दिलाना चाहता हूं कि जिस रकबे में पानी है या नहीं है हरियाणा सरकार इस बात की जिम्मेदारी लेती है कि हरियाणा के किसी भी व्यक्ति को सर्दी के कारण या भूख के कारण नहीं मरने दिया जाएगा।

चौधरी भाम ोर सिंह : **

डा0 मंगल सिंह : यह किस मो ान पर बोल रहे हैं।

चौधरी खुर ीद अहमद : डिप्टी स्पीकर साहब, यह इर–रैलेवैन्ट बोल रहे हैं, इसलिए यह एक्सपंज किया जाए।

श्री उपाध्यक्ष : हां, यह एक्सपंज कर दिया जाये।

Now I will putt the amendment to the vote of the House.

Question is-

That in line 2 in between the word 'Government' and the word 'that', insert the words 'to move the Central Government.'

The motion was carried.

Mr. Deputy Speaker: Now I will put the resolution, as amendmend, to the vote of the House.

That the House recommends to the State Government to move the Central Government that maximum Financial and every kind of other help be given to the flood affected people, as the unprecedented flood has caused heavy damage to their lives, properties and crops.

This House further recommends that concrete steps be taken to prevent the occurence of such flood in future in the State.

The motion was carried.

Mr. Deputy Speaker: The next resolution is in the name of Rao Dalip Singh. He is not present in the House.

The next resolution is in the name of Shri Mool Chand Jain. He is also not present in the House.

12.52 p.m.

Mr. Deputy Speakder: The House stands adjouned sine-die.

(*The Sabha then adjourned* sine-die.*)